CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 2 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रियंका गांधी की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया पेज 2




आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार खेल टाइम्स




कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग सम्पादकीय



फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले- भारत उभरती हुई ताकत पेज 12

## जम्मू-कश्मीर की 4, पंजाब की एक रास सीट के लिए 24 अक्टूबर को चुनाव

**नई दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से चार तथा पंजाब से एक राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे में छह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर तक की जाएगी और उम्मीदवार द्वारा 16 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने बताया कि राज्य सभा की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत 24 अक्टूबर को इन सभी पांच सीटों को भरने के लिए सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र के पांच जिलों में बाढ़, आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं।

## आतंकी पन्नू के विरुद्ध NIA ने किया नया मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** एनआईए ने अमेरिका स्थित आतंकी और अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महासचिव गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की है। पन्नू पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरे बयान देने और हिंसा भड़काने का आरोप है। नए एफआईआर के अनुसार, पन्नू ने कथित रूप से सिख सैनिकों को स्वतंत्रता दिवस पर श्री मोदी को लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने के लिए उकसाया था।

## सोनू सूद ईडी के सामने हुए पेश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद प्रतिबंधित एप 1एक्सबेट से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का विशेष दल अभिनेता से पूछताछ कर रहा है और यह पूछताछ सात-आठ घंटों तक चल सकती है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और 'गंदी बात' वेब सीरीज की अभिनेत्री आवेशी जैन से भी पूछताछ की गई थी।




चंडीगढ़: एयरफोर्स स्टेशन में 'मिग-21 ऑपरेशनल फ्लाइंग समापन समारोह' से पहले रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान। मिग-21 को 26 सितम्बर, 2025 को होने वाले समारोह में छह दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

# दिल्ली में कांड करके भागा चैतन्यानंद

## पूर्व कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप, 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **फैकल्टी कहती थी, उसकी बात मानो- एफआईआर दर्ज ,**
- **शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से एक वॉल्वो कार जब्त**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपियों से मिलाया था। कार पर यूनाइटेड नेशन (यूएन) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर यूएन से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही -शेष पृष्ठ दो पर

# लद्दाख में भड़की हिंसा, 4 की मौत

## 72 घायल, राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया

लेह, वार्ता

**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह जिले में जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई। हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन -शेष पृष्ठ दो पर






### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बोले-जनता के साथ नाइंसाफी

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एनसी के विधायक तनवीर सादिक ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्ण राज्य की मांग (स्टेटहुड) बहाल नहीं किया गया, सिर्फ इसलिए कि बीजेपी चुनाव नहीं जीत पाई। यह जनता के साथ नाइंसाफी है।

### लद्दाख महोत्सव भी रद्द

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम रद्द कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि स्थिति के चलते समापन समारोह को रद्द करना पड़ा है। हम स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों, पर्यटकों और आम जनता से क्षमा चाहते हैं।

### लेह में पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर लगा प्रतिबंध

लेह में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार लेह में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।

- **शहर में मार्च-रैली बैन, सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने CRPF की गाड़ी में भी लगाई आग**
- **सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ जुटाई, 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का किया था आह्वान**

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट

## मंत्रिमंडल ने किया 78 दिन के बोनस का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को होगा फायदा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को दीपावली पर 78 दिन का बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रिमंडल ने 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता-आधारित बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता-आधारित बोनस का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा या दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है और इस वर्ष भी, लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि बोनस का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए लवे कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व हटाने का प्रोसेस बदला

- **ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा**

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितम्बर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होंगी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 के बीच आयोजित होने वाली हैं।

इस अवधि के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए मुख्य परीक्षाएं, खेल छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला संस्करण 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का दूसरा संस्करण 15 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के लिए पहले चरण की परीक्षा देना अनिवार्य होगा, लेकिन अगर छात्र अपने अंक सुधारना चाहते हैं तो दूसरे चरण की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं।

## मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर की पांच हजार व स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए स्नातकोत्तर की पांच हजार सीटें और स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्टैंडअलोन पीजी संस्थानों/सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है ताकि 5,000 स्नातकोत्तर की सीटें और एमबीबीएस के लिए 5,023 सीटें बढ़ाई जा सकें।

# राहुल गांधी हाइड्रोजन-यूरेनियम बम फोड़ने वाले हैं: जयराम

पटना, वार्ता

- **आजादी के बाद पहली बार पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई**



**आजादी के बाद** पहली बार 24 सितम्बर को पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सीनियर लीडर मौजूद रहे। बैठक करीब साढ़े 4 घंटे तक चली। 51 लोगों ने बैठक को संबोधित किया। मीटिंग में 2 प्रस्ताव पारित किए गए।

एक राजनीतिक प्रस्ताव था। दूसरा बिहार की जनता से अपील। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, तेलंगाना में सितम्बर 2023 में ऐसी ही सीडब्ल्यूसी की मीटिंग हुई थी और 2 महीने के अंदर कांग्रेस की सरकार बनी थी। अब पटना में काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने वाली है। राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला, वो अभियान जारी रहेगा। आगे एक महीने में राहुल गांधी मिनी हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम सहित अलग-अलग बम फोड़ने वाले हैं। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मेंटली रिटायर्ड मान चुकी है। वो उन्हें बोझ मानती है। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी, किसान, बाढ़ को लेकर एनडीए पर निशाना साधा। वोटर वेरिफिकेशन को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री को फेल बताते हुए कहा कि पीएम के दोस्तों की वजह से आज देश संकट में है।

### राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर घेरते हुए बुधवार को उन पर फिर निशाना साधा और कहा कि यह अच्छी बात है कि उनकी सलाह पर वह मतदाता सूची को ज्यादा पारदर्शी बना रहे हैं, लेकिन यह भी बताएं कि वोट चोरी करने वालों को कब पकड़ेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया - अब चोरों को भी पकड़ेंगे, तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15-15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपए लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाए जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं।

### रूस के उप प्रधान मंत्री ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** रूस के उप प्रधान मंत्री दिमित्री पत्रुशेव ने बुधवार को प्रेम की अद्वितीय धरोहर ताजमहल की बेमिसाल खूबसूरती का दीदार किया। पत्रोशेव ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर करीब दो बजे ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। वह ताज की खूबसूरती को करीब एक घंटे तक निहारते रहे। इस मौके पर जमकर फोटो सेशन कराया और ताजमहल के इतिहास के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की।

## योगी ने जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों से किया संवाद

# 33 जीवन रक्षक दवाएं जीएसटी से मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह



■ बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया

ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया।

### योगी ने अस्पताल जाकर ओम प्रकाश राजभर से की वार्ता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में जाकर वहां भर्ती कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुलाकात के दौरान योगी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। राजभर के दोनों बेटों अरविंद राजभर और अरुण राजभर से पूरी जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेदांता अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर सरकार के कई मंत्री उनसे मिलने अस्पताल पहुंच चुके हैं।

### जीएसटी रिफार्म मोदी का युगांतकारी फैसला: सुधांशु

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि जीएसटी का रिफार्म देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक युगांतकारी फैसला है जिसका असर भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के तौर पर देखने को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में श्री त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि जीएसटी 2-0 से देश के हर वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग जीएसटी को राजनीतिक फैसला बता रहे हैं वो ग़लत है। उनको राजनीतिक चश्मे से बाहर आकर इसकी सरहाना करनी चाहिए।

# एकजुटता से ही हो सकती है पीडीए की हिफाजत: अखिलेश



■ पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी

**लखनऊ।** पंजाब में रहने वाले यादव जाति के लोगों द्वारा पिछड़ा वर्ग से निकाल कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में जन्मी पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी है।

एकजुटता की शक्ति ही उनकी क्षतिपूर्ति और हिफाजत कर सकती है। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि उप्र से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नई आवाज बन गई है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं वो भी जान गए हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और उनके हक की हिफाजत करने में भी। जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि 'पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। वहीं एक दिन पूर्व गोंडा के स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनसम्पर्क के दौरान हुए बवाल को लेकर भी अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

# समुद्री क्षेत्र परिवहन के लिए 69,725 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली, वार्ता

समुद्री क्षेत्र के सामरिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए के एक दीर्घावधिक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी।

इस पैकेज के पूरी तरह क्रियान्वित होने पर जहाजरानी और समुद्री परिवहन क्षेत्र में 4.5 लाख करोड़ का नया निवेश आकर्षित होने तथा रोजगार के 30 लाख नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मांमलों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पैकेज घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, नए और पहले से चल रहे शिपयार्डों के विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने और एक मज़बूत समुद्री बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने हेतु तय किए गए महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों को परिलक्षित करता है।

इस निर्णय के बारे में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा, जिसकी कुल राशि 24,736 करोड़ रुपए होगी। इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग (पुराने पोतों को तोड़ने वाले उद्योग) के लिए ऋण सुविधा भी शामिल है।

### क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास पर 2277.397 करोड़ खर्च करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के व्यय को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सीएसआईआर द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और देश भर के सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों को कवर करेगी। यह पहल विश्वविद्यालयों, उद्योग, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बनाने के इच्छुक युवा, शोधकर्ताओं के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेगी।

# मैं तो अपनी बीवी का नंबर भी भूल गया

## अखिलेश से फोन की बात के सवाल पर बोले आजम खान

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान कल मंगलवार को सीतपुर जेल से 23 महीने बाद जमानत पर रिहा होकर अपने घर रामपुर पहुंचे। आज बुधवार को मीडिया से बात करते हुए आजम खान ने कई सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलेश यादव ने कभी फोन नहीं किया, तो इस सवाल पर आजम खान ने कहा कि आप यकीन करिए मुझे दुनिया में सिर्फ मेरी बीबी का नंबर याद था, मैं वो भी भूल गया। मेरे पास फोन ही नहीं था।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने कहा कि हमारे पास एक चरित्र नाम की चीज है। लोग प्यार करें और इज्जत करें, मैं कोई बिकाऊ नहीं हूं। सपा नेता आजम खान ने अखिलेश यादव के सपा सरकार में मुकदमे वापस लेने वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। आजम खान ने कहा जहां तक मुकदमों का सवाल है उन मुकदमों में अगर कोई दम होता, तो मैं आज बाहर नहीं दिखता। छोटी अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुझे इंसाफ मिलने की उम्मीद है, एक दिन मैं बेदाग हो जाऊंगा। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश यादव ने आपकी रिहाई का स्वागत किया है, तो आजम खान ने कहा कि वह मेरी पार्टी के बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए अगर कुछ बात कहेंगे, तो उनका बड़प्पन है। जब उनसे पूछा कि पार्टी के शीर्ष नेता आपसे मुलाकात करने नहीं आए हैं और स्थानीय सांसद भी मिलने नहीं आए हैं, तो इस पर क्या कहेंगे। इस सवाल पर सपा नेता ने आजम खान ने कहा कि यही कहेंगे कि सब खैरियत से रहें।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 113428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 134712
प्रति किलो



# लगातार चौथे दिन भी टूटे शेयर बाजार

## सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई

मुंबई, वार्ता



ऑटो, आईटी और रियलिटी शेयरों में तेज बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 386.47 अंक लुढ़ककर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह 81,607.84 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 112.60 अंक टूटकर 25,056.90 अंक पर रहा। यह दोनों का 11 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। रियलिटी, ऑटो और आईटी के साथ निजी बैंकों, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों पर भी दबाव रहा। सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर में तेजी रही, जिसमें पिछले कुछ समय से बिकवाली हावी थी। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतशित गिरकर बंद हुआ। बीईएल में 2.24 फीसदा, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.52, टेक महिंद्रा में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.13 और एक्सिस बैंक में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी में भी गिरावट रही। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 1.63 प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और एनटीपीसी दोनों के शेयर 1.31 फीसदी चढ़े। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,134 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 2,056 में गिरावट और 993 में तेजी रही, जबकि 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली की ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.07 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी टूट गया। एशिया में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.83 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही और जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत तथा ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत नीचे था।

### सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** बुधवार को नवरात्र के तीसरे दिन देशभर में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सोने की कीमतों में लगातार तेजी आज थम गई है। रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद 24 सितंबर को सोने की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोना 0.36 फीसदी टूटकर 1,13,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। चांदी में भी 0.26 फीसदी की गिरावट देखी गई। ये 1,34,712 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,700 रुपए बढ़कर 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपए बढ़कर 1,18,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# चावल नरम, खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़, गेहूं और चीनी स्थिर



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए। वहीं गेहूं में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी के दाम भी कमोबेश स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 37 रिंगिट चढ़कर 4,380 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 10 रुपए टूटकर 3,853 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 2,849.71 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। आटे की कीमत चार रुपए बढ़कर 3,303.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल 31 रुपए और सूरजमुखी तेल 13 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रही। वनस्पति 25 रुपए और पाम ऑयल 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत भी करीब 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत सात रुपए बढ़ गई। उड़द दाल में 49 रुपए और मूंग दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मसूर दाल और चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई जबकि चीनी भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7929.45 रुपए, मसूर काली 8156.29 रुपए, मूंग दाल 10102.50 रुपए, उड़द दाल 10414.39 रुपए, अरहर दाल 10616.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.71 रुपए और चावल 3852.74 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली में...**

लिखवाया था। दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पीए मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था। पुलिस ने चैतन्यानंद के ठिकानों पर छापेमारी की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 75(2)/79/351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के बेसमेंट में एक वॉल्वो कार खड़ी मिली। पता चला कि फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट 39 यूएन 1 वाली कार स्वामी चैतन्यानंद इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर ली।

**लद्दाख में...** तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। इन मांगों को लेकर अगली बैठक दिल्ली में 6 अक्टूबर को होगी। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े, तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक ने कहा कि मुझे सही तो नहीं पता कि कौन से हथियार प्रयोग किए गए, रबर गोली का तो सुना था। हालांकि, हमारे कई युवा मारे गए हैं। इससे लगता है कि असली गोली भी चलाई गई है। आगे की रणनीति पर कहा कि गुरुवार को जब गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आएंगे, तो देखेंगे कि वो हमारी बात सुनते हैं कि पहले की तरह अनसुना करते हैं। हम पिछले 5 सालों से शांति और अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे, अगर वो सुनी जाती, तो युवाओं को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। जब शांतिपूर्ण रास्ता मजाक बन रहा था, तो ये रास्ता अपनाया। सोशल मीडिया पर आंदोलन को जेन-जी रिवोल्यूशन बताने की वायरल वीडियो पर सोनम ने कहा कि मैंने जेन-जी रिवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया। लेह में हुई हिंसा पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि आज जो हुआ वो बहुत दुखद है। कहा जा रहा है कि 3-4 युवक मारे गए हैं। लेह एपेक्स बॉडी के अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि शहर में भारी गोलीबारी हुई। इसमें कई लोग घायल हुए और अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया, लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) की युवा इकाई लद्दाख बंद का आयोजन किया था। अनशन पर बैठे 2 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। कुछ युवाओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया कि लेह में पहले से लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**रेलवे कर्मचारियों...**

प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को दी जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 टन माल लादा और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

### सेबी के फैसले समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों को मान्यता

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने बुधवार को राष्ट्र निर्माण के प्रति समूह की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हिंडनबर्ग आरोपों के मामलों में सेबी के फैसलों ने समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों पर मुहर लगा दी है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पिछले सप्ताह दो अलग-अलग फैसलों में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 में लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए अडानी समूह की कंपनियों को क्लीनचिट दे दी थी। अडानी ने शेयरधारकों को आज एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सिर्फ अडानी समूह की आलोचना से परे, भारतीय उद्यमों के वैश्विक स्तर पर खुद को स्थापित करने के सपनों को चुनौती दी गई थी। समूह के लिए यह एक परीक्षा की शुरुआत थी, जिसने हमारे संचालन के तौर-तरीकों, हमारे उद्देश्य और इस सोच को चुनौती दी कि भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर सबसे आगे हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सेबी के अंतिम फैसलों से सत्य की जीत हुई है, जिसका उद्देश्य समूह को कमजोर बनाना था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बस ने स्कूटी व बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत

## नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा, बच्ची समेत दो घायल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार देर रात रतनपुरी थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर रायपुर नंगली गांव के पास रोडवेज बस ने स्कूटी और बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेरठ मेडिकल अस्पताल भिजवाया। वहां उपचार के दौरान तीन घायलों ने दम तोड़ दिया, जबकि बच्ची और उसके पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

दादरी मेरठ निवासी अनुज पुत्र राजेंद्र अपनी पत्नी राधिका और चार वर्षीय बेटी आराध्या के साथ बाइक (यूपी 15 ईवी 9512) से अपने गांव दादरी से कुतुबपुर जा रहे थे। जब ये रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर नंगली के समीप केशर हवेली होटल के समीप पहुँचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आई रोडवेज बस (यूपी 07 पीए 5215) ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अनुज, उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच अनियंत्रित बस ने स्कूटी (यूपी 19 आईक्यू 6248) को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिस पर अन्नू पुत्र ऋषिपाल और आदित्य पुत्र राजेंद्र, निवासी कड़ी बाबरी शामली सवार थे। दोनों को भी गंभीर चोटें आईं।

पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से मेरठ अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अन्नू और आदित्य को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद बाइक सवार राधिका ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। घायल अनुज और उसकी बेटी की हालत गंभीर बताई जा रही है, हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायल अनुज के भाई विनोद रतनपुरी थाने पर तहरीर देकर बस चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ था।

# विवाद में युवक ने पेड़ से लटक कर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैलावाड़ा में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 20 वर्षीय युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कैलावाड़ा निवासी मोहित (20) पुत्र संजय नोएडा में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि वहां रुपये को लेकर उसका कंपनी मालिक से विवाद हो गया था। विवाद के बाद मोहित नोएडा से सीधे गांव पहुंचा, लेकिन घर जाने के बजाय जंगल की ओर चला गया। वहां ईख के खेत में खड़े आम के पेड़ से फंदा लगाकर उसने जीवन लीला समाप्त कर ली। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने जब पेड़ से लटकते मोहित को देखा तो हड़कंप मच गया। तुरंत परिजनों को सूचना दी गई।

परिजनों के पहुंचते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छापे में स्टोर स्वामी के घर मिला प्रतिबंधित दवाइयों का जखीरा

## सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी ने औषधि निरीक्षक ने की कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद और नगर में नकली व नशीली दवाई का कारोबार लगातार फलफूल रहा है। आगरा से लेकर सहारनपुर व अन्य दूसरे राज्यों के अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर में अब तक आधा दर्जन से अधिक स्थानों तक छापेमारी कर करोड़ों की नकली दवाई की खेप बरामद कर चुके है इसमे गंभीर बात यह है कि स्थानीय या यूं कहा जाए कि लोकल औषधि निरीक्षक को ऐसे फर्जी मामले की जानकारी कम ही रहती है जब बाहर की टीमे आकर करोडों का कारोबार करने वाले कारोबारी के मकान व गोदाम पर छापा मारकर नकली व नशीली दवाईयों को बरामद करती तभी स्थानीय औषधि निरीक्षक की आंख खुलती है। अब यह अलग बात है कि आखिर इस तरह के कारोबार से वह अंजान क्यो रहते है और बाहर की टीम का छापा मारना और नकली दवाईयों का मिलना भी स्थानीय टीम पर सवाल या निशान खड़े करते है। यह बात अलग है कि कुछ मामलों में बाहर की टीमों ने स्थानीय टीम को लिखापढ़ी में शामिल किया। हाल ही में नई मंडी क्षेत्र के गांधी कॉलौनी में आगरा व दूसरे राज्यों की पुलिस ने छापा मारकर करोडों की दवाईयां बरामद की थी। अभी इस मामले में पूरी तरह लिखापढ़ी पूरी भी नहीं हो पाई थी कि बुधवार को भी प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। यह कार्यवाही सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी और औषधि निरीक्षक ने संयुक्त रूप से की है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने योजना के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला साकेत कॉलौनी में छापेमारी कर एक मकान से भारी मात्रा में नशीली और प्रतिबंधित दवाईयों का जखीरा बरामद किया है।

दवाईयों के इस जखीरे में करीब एक दर्जन दवाईयां ऐसी पाई गई है जो नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। छापे के दौरान एक मेडिकल संचालक भी गिरफ्तार होना बताया गया है। यह बात भी किसी से छिपी नही है कि हरियाणा, पंजाब व आगरा में छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित दवाईयों की बरामदगी के बाद कही ना कही नगर का नाम भी शामिल हो जाता है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के टीम ने कई करोड रूपये की दवाईयां बरामद करने का दावा किया है। कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक पवन शाक्य का कहना है कि कुछ दिन पूर्व एक युवक द्वारा नशीला इंजेक्शन लगाया गया था और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था युवक की पहचान करने के बाद इस मामले की छानबीन की गई और गोपनीय तरीके से टीम बनाकर छापेमारी की गई। उन्होने बताया कि सूचना के आधार पर ही छापेमारी की गई और इस दौरान एक युवक को हिरासत में लेकर थाना सिविल लाइन के हवाले किया गया है जिसके कब्जे से प्रतिबंधित दवाईयों का जखीरा बरामद किया गया। औषधि निरीक्षक का कहना है कि केएम ट्रेडर्स के नाम से लाईसेंस है और यह मेडिकल स्टोर कच्ची सड़क पर चलता है, जबकि घर में दवाईयों का गोदाम बना मिला। इन दवाईयों में एलप्राजोलेम, पेंटापाजोलम, ट्रामाडोल आदि दवाईयां शामिल है।

# किशोरी का अपहृण, कार्यवाही की मांग

## पीड़ित परिवार ने एसएसपी से लगाई बरामदगी की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मिशन शक्ति अभियान और शासन के दिशा निर्देश के बाद जनपदों में महिलाओं को सतर्क करने व कानून की जानकारी देने के लिए समस्त थानों की पुलिसकर्मी लगातार मेहनत कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी महिला उत्पीड़न संबंधी मामले लगातार सामने आ रहे है कही विवाहिता के फरार होने तो कही बहु का उत्पीडन तो कही नाबालिग से छेड़खानी और किशोरी से यौन उत्पीडन के मामले थानो से लेकर पुलिस अधिकारियों के दरबार तक पहुंच रहे है। इसमें गंभीर बात यह है कि सभी जनपद के थानों की महिला पुलिसकर्मी गांव, कस्बा, देहात में महिलाओं को कानून का पाठ पढ़ा रही है और छेड़खानी से निपटने के लिए उन्हे जानकारी भी दे रही है, लेकिन इसके बाद भी चौकी, थानो व पुलिस अधिकारियो के यहां महिला उत्पीडन संबंधी मामलों की भीड़ देखी जा सकती है। किशोरी से लेकर कई विवाहिताओं की मां के मामले दुष्कर्म की शिकायत लेकर अधिकारियों से इंसाफ मांगती नजर आती है। कुछ मामलों में सामने आया कि कि रंजीशन दूसरे पक्ष को फंसाने के लिए इस तरह के आरोप लगाते है तो कही यौन उत्पीडन की शिकार पीड़िता को जब न्याय नहीं मिलता तो वह उच्च अधिकारियों के दरबार में पहुंचती है। आज भी एक ऐसा ही मामला थाना छपार में देखने को मिला जहां एक मंचले की गलत हरकत से किशोरी व उसका पूरा परिवार भयभीत है। छपार क्षेत्र की किशोरी का तीसरी बार अपहरण करने और यौन उत्पीडन का मामला पुलिस अधिकारियों के दरबार में पहुंचा है। पुलिस एक मामले में आरोपी को जेल भेज चुकी है, लेकिन उसके बाद दो ओर की गई घटनाओं में पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही। बुधवार को पीड़ित परिवार एसएसपी से मिला और प्रार्थना पत्र देकर गांव बहेड़ी निवासी आकाश के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित परिवार का कहना है कि इस मामले में पोस्को की कार्यवाही होनी चाहिए थी, लेकिन कुछ दिन बाद ही आरोपी जेल से रिहा हो गया, जबकि स्कूल के समय किशोरी का दो बार अपहरण कर लिया गया। किशोरी के पिता ने कार्यवाही न होने की बात कहते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है और बेटी की बरामदगी की गुहार भी लगाई है।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने 11 बिछड़े जोड़ों को मिलाया

**एसएसपी के निर्देशन में एसपी क्राइम ने भेजा हंसी-खुशी घर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन के निर्देश के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाए गए मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अंतर्गत परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों ने अपनी सुझ-बूझ दिखाते हुए ग्यारह ऐसे दम्पत्तियों को मिलाप कराकर हसी-खुशी उनके घर भेजा है जिन्होने अलग-अलग होने के लिए पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र दिए थे। इस मिलाप में एसपी क्राइम नोडल अधिकारी मिशन शक्ति इंदू सिद्धार्थ भी रूठे दम्पत्तियों का मिलाप कराने में शामिल रही।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त करने हेतु शासन के निर्देशानुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में एवं पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति इन्दु सिद्धार्थ के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत परिवार परामर्श केन्द्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। परामर्श सत्र के दौरान विवाहित दंपत्तियों के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवादों की गहन चर्चा एवं काउन्सलिंग की गयी। परामर्श केन्द्र की टीम व काउंसलर द्वारा धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान बीना शर्मा, प्रीति चौधरी, अशोक बाटला प्रसन्न कुमार, गजाला यासमी आदि शामिल रहे।

# मंत्री ने व्यापारियों से साधा डोर-टू-डोर संवाद



**केन्द्र व प्रदेश सरकार की जीएसटी रिफॉर्म की जानकारी दी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शिव चौक से भगत सिंह रोड तक व्यापारी बंधुओं के बीच डोर-टू-डोर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा को साकार कर व्यापार जगत को एक नई दिशा दी है। जीएसटी ने कर प्रणाली को पारदर्शी और सरल बनाया है, जिससे छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। इस सुधार ने जटिल प्रक्रियाओं को समाप्त कर व्यापार करना सुगम बनाया है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। मंत्री कपिल देव ने यह भी कहा कि जीएसटी के लागू होने से न केवल कर संग्रह में पारदर्शिता और ईमानदारी बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी अंकुश लगा है। डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग जैसी व्यवस्थाओं ने करदाताओं के लिए पूरी प्रक्रिया को आसान बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी का उद्देश्य हर व्यापारी को सुविधा देना और भारत को एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार के रूप में स्थापित करना है। व्यापारियों ने मंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार के इन सुधारों से व्यापारिक वातावरण बेहतर हुआ है और देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने मंत्री का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि आगे भी मोदी सरकार इसी प्रकार व्यापारियों और उद्यमियों के हितों में कार्य करती रहेगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, शरद शर्मा, ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, मोहन तायल, सुनील तायल, सुरेंद्र गर्ग, दीपक मित्तल, अजय सागर, राधे वर्मा, हिमांशु गोयल, नवीन गोयल, अमन तोमर, अमित सुधा, गौरव मुंडे, आशुतोष वर्मा, मनु प्रिय, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, मोहित मालिक, विशाल गर्ग, पवन छाबड़ा, नवनीत कुछल, निशंक जैन, निकुंज सिंघल, मनोज पंचाल, जगदीश पांचाल, डॉ खूरम आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

# अति पिछड़ा महा आंदोलन में गरजे देवेंद्र कश्यप

## नगर मजिस्ट्रेट ने नियमों का हवाला देकर कलेक्ट्रेट परिसर से हटवाया टैंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सामाजिक न्याय क्रांति मोर्चा के तत्वावधान में अति पिछड़ा एवं महादलित अधिकार आंदोलन को लेकर कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में डेरा डालते हुए धरना दिया। यहां पहुंचे प्रदर्शनकारियों कलेक्ट्रेट परिसर में धरना स्थल पर बड़ा टेंट गाढकर विरोध को स्वर देने की कोशिश की तो सूचना पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर ने टेंट हटवाने के आदेश दिए। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप ने कहा कि यह आंदोलन पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई है उन्होंने ऐलान किया कि हम बिना टेंट के भी अपना आंदोलन जारी रखेंगे।चाहे जितनी बाधाएं आएं हम अपने हक और इंसाफ के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर कर्मचारियों ने टेंट हटवाकर स्थल को खाली कराया। और आंदोलनकारीआवाज बुलंद करते रहें।धरने के चलते कलक्ट्रेट परिसर में दिन भर हलचल बनी रही।

पुलिस प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से



निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, धरना जारी रहेगा।

# सपा नेत्री के बेटे की दंबगई का वीडियो वायरल

**पुलिस के अपराधिक रिकॉर्ड में नाम है आरोपी का, डॉक्टर को दी धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के न्याजुपूरा में सपा नेत्री और वाल्मीकि समाज की नेत्री के पुत्र का दबंगई का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह एक डॉक्टर के क्लीनिक में घुसकर उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है वह वीडियो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत न्याजुपूरा में एक सपा नेत्री और वाल्मीकि समाज की प्रमुख लीडर कहलाने वाली महिला नेत्री के पुत्र की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि युवक एक डॉक्टर के क्लीनिक में घुसकर दबंगई दिखाते हुए धमकी भी दे रहा है।

क्लीनिक के अंदर घुसने व बाहर आने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है सूत्रों का कहना है कि आरोपी ने डॉक्टर के क्लीनिक में घुसकर जबरदस्त धमकी दी है। इस वीडियो में धमकी देना दुर्व्यवहार करना देखा भी जा सकता है।

सूत्रों का कहना है कि आरोपी का नाम पुलिस रिकॉर्ड में भी है। एक मामला ओर सामने आ रहा है जिसमें आरोपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में हथियारों का प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहा है।

## बयानबाजी से बचें आजम, सरकार फिर पकड़ने की फिराक में

**मुजफ्फरनगर।** सपा नेता आजम खान के जेल से बाहर आने के बाद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्त चौधरी राकेश टिकैत ने कहा है कि भंले ही कोर्ट ने उनके दस्तावेज देखकर उन्हे रिहा कर दिया हो, लेकिन सरकार फिर उन्हे पकडने की फिराक में है इसलिए मेरी सलाह है कि आजम चुपचाप अपना टाइम काट लें। सरकार खिलाफ है इतने लम्बे समय बाद जेल से निकले व्यक्ति को बयान बाजी से बचना चाहिए। जब वक्त आए तब वह अपना हिसाब किताब देखे। उन्होने कहा कि आजम खान को आज खामा. शी से अपना वक्त गुजारना चाहिए और उन्हे सही समय का इंजतार करना चाहिए।

# टाउन हाल से धार्मिक धुन में निकाली गई श्री रामबारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में श्री रामलीला सभा रजिस्टर टाउन हॉल शहर के तत्वधान में श्री रामचंद्र जी की भव्य बारात नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गयी जिसमें श्री रामचंद्र ने अपने भाइयों सहित भरत जी, शत्रुघ्न एवं लक्ष्मण जी सहित रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया।

संध्याकालीन में शिवचौक स्थित तुलसीपार्क में सीता स्वयंवर का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकुर दुआ (संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन) ने विधिवत पूजा अर्चनाकर रामचंद्र को तिलक व आरती करके शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, मंत्री सतीश गर्ग, उपमंत्री अनमोल सिंघल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, संरक्षक एवं मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग, सहा. मुख्य निर्देशक अजय गर्ग, रामायण वाचक रविंद्र गुप्ता, सुखदेव मित्तल (वरिष्ठ अधिवक्ता), कार्यालय मंत्री वैभव मित्तल, नवीन गुप्ता (ठेकेदार) सुशील गोयल, संजय गोयल (ठेकेदार), अंजुल भूषण, अतुल गर्ग, निर्देशक जगन्नाथ रोहिल्ला, कमलकांत शर्मा, अरविंद दीक्षित, नितिन नामदेव, पुष्पेंद्र जिंदल, रजत गोयल, अनुराग शर्मा, शोभित गुप्ता, अनमोल मित्तल, शोभित सिंगल, रजत शर्मा, राघव गुप्ता, सागर कुच्छल, कार्तिक कुच्छल, अंशुल जैन, प्रियंक गर्ग, सौरभ गर्ग, अंकुर सिंघल,अनुज सिंघल, कृष्णा बंसल, वैभव गुप्ता, प्रिंस गर्ग, शुभम गौतम, आदि रहे।

# लापता आर्यन सकुशल बरामद

**ग्रामीणों के धरने के बाद मंत्री ने एसएसपी से की वार्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जवाहर नवोद्य विद्यालय बघरा के अपहृत आर्यन को बुधवार की देर शाम पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया, हालांकि इस मामले में अपहृत की बरामदगी की मांग को लेकर देर शाम तक जिला मुख्यालय पर ग्रामीण धरने पर डटे थे। जिसके बाद प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संज्ञान लेते हुए एसएसपी संजय कुमार से वार्ता की और अपहृत छात्र की बरामदगी के लिए निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस प्रशासन की सतर्कता से अपहृत छात्र को बरामद कर लिया गया।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व बघरा स्थित नवोद्य विद्यालय का अध्यनरत कक्षा नौ का छात्र आर्यन रहस्मय लापता हो गया था। उसकी तलाश के लिए एसएसपी के आदेश पर बरामदगी के लिए कई टीमे रवाना की गई थी। इस मामले में सर्विलेंस और एसओजी का भी सहयोग लिया जा रहा है और घटना के बाद मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया था।

राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने वार्ता के बाद इस मामले में अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए अपहृत छात्र को खोजकर सुरक्षित घर तक पहुंचाया जो सराहनीय है। उन्होने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और जनमानस में शांति एवं विश्वास बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और नागरिकों को सुरक्षा सुन. निश्चित करने के लिए काम कर रहे है। इन्होने पुलिस अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम न केवल प्रशासन की सतर्कता को दर्शाता है, बल्कि सरकार की सोच का प्रतिबिम्ब भी है जिसमें हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोपरी है।



मुजफ्फरनगर: रामलीला में मंचन करते कलाकार।

# चरथावल पुलिस से मुठभेड़ मे दो आरोपी गिरफ्तार

**एनकाउंटर में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** चरथावल पुलिस व एसओजी ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए देर रात मुठभेड के दौरान अन्तरराजीय लूट के आरो. पियों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटे गए जेवर नगदी व अवैध असलाह और घटना में प्रयुक्त दो बाइके बरामद करने का दावा किया है। इनके तार उत्तराखंड से जुडे होने का भी बताया गया है।

बुधवार को पुलिस लाइन के





सभागार में आयोतिज प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमारवर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताए कि चरथावल पुलिस व एसओजी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बदमाशों से मुठभेड करते हुए दो को गिरफ्तार किया इस मुठभेड में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल रही। जनपद में पहली बार मुठभेड में शामिल हुई और मिशन शक्ति के तहत महिलाओं ने मुठभेड में शामिल होकर एक साहस का परिचय दिया है। एसएसपी ने बताया कि घायल बदमाशों को जिला अस्पताल ले जाया गया और उनके खिलाफ लिखापढ़ी भी की। पूछताछ करने पर घायल बदमाशों ने अपने नाम अंकुर पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम अनंतमऊ थाना ननौता सहारनपुर व लाखन उर्फ लख्खा पुत्र राजकुमार निवासी भवसिर राजपुर सहारनपुर है। इन बदमाशों के कब्जे से 7500 की नगदी व लूट के अन्य सामान बरामद किए है।

जनपद के पुलिस मुखिया का कहना है कि पकडे गए आरोपियों के खिलाफ गंगोह, शामली, झिंझाना, चरथावल, भोपा, छपार व उत्तराखंड के हरिद्वार, मंगलौर और बहादराबाद में भी लूट जैसी घटना के मामले दर्ज है। उन्होने बताया कि इस मामले में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ सदर रवि शंकर और चरथावल पुलिस के साथ एसओजी की टीम तथा महिला पुलिस भी मुठभेड में शामिल रही। चरथावल थाने की दरोगा डोली यादव और कोतवाली से दरोगा ज्योति चौधरी भी शामिल रही।

# ई-रिक्शाओं की भिड़ंत में ग्रामीण की मौत

■ एक ई-रिक्शा चालक घायल, पुलिस को नहीं दी सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दो ई-रिक्शाओं की आपसी जोरदार भिड़ंत में एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। दूसरा ई-रिक्शा चालक इस घटना को अंजाम देकर ई-रिक्शा सहित फरार होने में कामयाब हो गया। घायल चालक की ई-रिक्शा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। इस मामले में मृतक वृद्ध के परिजनों की और से कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गयी है। उधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है। बुढ़ाना कोतवाली के गांव जौला निवासी करीब 73 वर्षीय हाजी इदरीश पुत्र रमजानी उस्मानी गांव में दूध का कारोबार करते थे। वे



पास के गांवों से दूध खरीदकर अन्य स्थानों पर सप्लाई करते थे। बीते मंगलवार की शाम वे रोजाना की भांति गांव के ही तालिब अहमद की ई-रिक्शा में सवार होकर गांव रसूलपुर दभेडी केनों में दूधष्ठ लेने गये हुए थे। दूध लेने के बाद वे बीती देर रात अपने गांव लौट रहे थे। जब वे बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के माजरा गेट के समीप आए तो विपरित दिशा से तेज गति से आ रही अन्य ई-रिक्शा के अज्ञात चालक ने इनकी ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी और ई-रिक्शा सहित फरार हो गया। उधर ई-रिक्शा में टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें हाजी इदरीश और चालक तालिब को चोटें आई जबकि सारा दूध सड़क पर ही बिखर गया। ई-रिक्शा का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आते जाते राहग. ीरों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनो घायलों को बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर हाजी इदरीश को गंभीर हालत में बेगराजपुर के लिए रैफर कर दिया। जहां बीती देर रात 11 बजे हाजी इदरीश ने उपचार के चलते दम तोड दिया। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गयी। बुधवार की सुबह हाजी इदरीश को गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## चीतल पार्क में मिला युवक का शव

**खतौली।** नगर में गंगनहर के समीप चीतल पार्क में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम प्रभारी नंदकिशोर शर्मा तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने मृतक की पहचान विक्की अहलावत (45 वर्ष) पुत्र सत्येंद्र अहलावत, निवासी खतौली के रूप में की। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, विक्की अहलावत लंबे समय से शराब का अधिक सेवन करता था और अधिकतर समय नशे की हालत में ही रहता था। ग्रामीणों का मानना है कि उसकी मौत अत्यधिक शराब पीने के कारण हुई हो सकती है। विक्की अहलावत के दो छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया।

# छात्रों के 2 गुटों में हुई मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक ही स्कूल के कुछेक छात्रों के दो गुटों में मामूली सी बात पर जमकर मारपीट हुई। इस घटना की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी तो पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस ने वीडियो के आधार पर छात्रों की शिनाख्त शुरु कर दी थी। बुढ़ाना कस्बे के डीएवी पब्लिक स्कूल में पढ़ रहे सभी बच्चों की आज बुधवार को जैसे ही छुटी हुई तो कक्षा 11 का एक छात्र स्कूल से जैसे ही बाहर निकला तो इसी स्कूल के 2 छात्रों ने उसे पकड़ लिया और गाली गलोज की। जब अन्य छात्रों ने देखा तो वे उक्त छात्र के हिमायत में आ गये और दोनों छात्रों का विरोध किया। बस फिर क्या था विरोध होते ही छात्रों के दो गुट बन गये और मारपीट शुरु हो गयी। जिसमें अंशुल, लुकमान व जुबैर मामूली रुप से घायल हो गये। इसी दौरान अफरा तफरी मच गयी। छात्रों में मारपीट हुई मगर आवाजाही होने पर भी स्कूल स्टाफ ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। दुक. ानदारों ने गुत्थमगुत्था हो रहे छात्रों को अलग अलग किया। इस दौरान सूचना पर बुढ़ाना पुलिस भी आई लेकिन तब तक छात्र इधर उधर हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास मिले लोगों से घटना की जानकारी ली। उधर इस घटना का किसी ने 25 सैकेंड का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसी आधार पर बुढाना पुलिस ने लड़ाई झगड़ा कर रहे छात्रों की शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दिए थे। आए दिन इसी स्थान पर छात्रों में अक्सर लड़ाई झगडों की घटनाएं होती ही रहती है।

# नई मंडी रामलीला में ताड़का वध देखने पहुंची अपार भीड़



**मुजफ्फरनगर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन आदर्शो पर आधारित श्री रामलीला का मंचन नई मंडी रामलीला भवन में वृंदावन से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा अपनी विशिष्ट शैली में किया जा रहा है, आज ताड़का वध लीला को देखने आई अपार भीड़ बार-बार जय श्री राम के जय घोष करती रही। लीला का शुभारंभ उद्योग. पति और समाजसेवी रघुराज गर्ग द्वारा किया गया मुख्य अतिथि रघुराज गर्ग गर्ग ने कहा कि रामलीला मंचन से ही बच्चों के अंदर हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार और मर्यादाएं उत्पन्न होती हैं वही श्री रामलीला मंचन को देखने पहुंचे नई मंडी पुलिस क्षेत्राधिकारी व नई मंडी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक,अतिथियों का स्वागत कमेटी के अध्यक्ष संजय मंत्री अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया आदि ने पटके पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, रवि गोयल आदि उपस्थित रहे।

## गुड़ मंडी की सुरक्षा को सीओ ने की व्यापारियों से चर्चा

**मुजफ्फरनगर।** दी गुड खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के




अध्यक्ष संजय मित्तल द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा हेतु एक बैठक एसो. के सभागार में आयोजित करवाई गई जिसमें नई मंडी पुलिस क्षेत्राधिकारी राजू साव, मंडी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश शर्मा, नवीन मंडी स्थल चौकी प्रभारी संजय सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना उन्होंने मंडी निरीक्षक से कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए नवीन मंडी स्थल में कैमरे बहुत कम है हर चौराहे पर कैमरे होने चाहिए तथा कहा कि हम एक ग्रुप बना रहे हैं नवीन मंडी स्थल का अलग से अगर कोई भी समस्या किसी प्रकार की है आप फोटो खींचकर तुरंत उसमें डालें उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी तथा कहा अगर किसी के साथ भी साइबर क्राइम होता है तो सबसे पहले काम है 1930 पर अपनी सूचना दर्ज कराये उसके बाद पुलिस से संपर्क करें बैठक में हरिशंकर मुंदडा, सुरेंद्र बंसल, अमरीश सिंघल, नितिन संगल, राजेंद्र सिंघल, श्याम सिंह सैनी, अनुज सिंघल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## युवती की जांच बचाने वाली महिला पुलिस सम्मानित

**मोरना।** कम्हेड़ा गांव निवासी एक युवती ने मंगलवार को जहरीले पदार्थ का सेवन करआत्म हत्या का प्रयास किया था। सूचना पर महिला पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेकर टीम तत्परता दिखाते हुए युवती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला पुलिसकर्मियों की सूझबूझ से युवती की जान बच सकी। थाना प्रभारी निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं संरक्षण के मद्देनजर महिला पुलिस टीम द्वारा तुरंत उपचार दिलाकर युवती की जान बचाई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने युवती की जान बचाने वाली महिला पुलिसकर्मियों को पांच हजार रुपये का पुरुष्कार राशि देकर सम्मानित किया है।

## सिखेड़ा पुलिस की सराहनीय कार्यवाही, गुमशुदा महिला और दो बच्चे सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिखेड़ा।** थाना पुलिस ने सराहनीय कार्यवाही करते हुए एक गुमशुदा महिला और उसके दो बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 25 अगस्त 2025 को विकास कुमार पुत्र रामभूल निवासी नंगला मुबारिक ने थाना सिखेड़ा में तहरीर दी थी कि उनकी पत्नी पूजा (उम्र 28 वर्ष) अपनी पुत्री पलक (उम्र 11 वर्ष)और पुत्र पुनीत (उम्र 6 वर्ष) के साथ 17 अगस्त को बिना बताए घर से नाराज होकर कहीं चली गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सिखेड़ा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश, क्षेत्राधिकारी नई मंडी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार प्रयास जारी रखे। अथक प्रयासों के बाद 23 सितम्बर को पुलिस ने महिला व दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात महिला पूजा और दोनों बच्चों को उनके पति विकास कुमार के सुपुर्द कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे मानवता की मिसाल बताया।

# सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट का हुआ मॉक ड्रिल

**बुढ़ाना।** आज सीएचसी बुढ़ाना में ऑक्सीजन प्लांट की मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का संचालन एसीएमओ डॉक्टर विपिन ने किया। जिसमें ऑक्सीजन से संबंधित सब व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। यहां प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व संपूर्ण प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया। मॉक ड्रिल के बाद क्षेत्रीय नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर शैलेश जैन सीएचसी बुढ़ाना पहुंचे। उन्होंने संपूर्ण परिसर का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ व व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। यहां डॉक्टर प्रणव तेवतिया ने उन्हें व्यवस्थाओं से अवगत कराया व सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की। इसी क्रम में आज शिकारपुर गांव और हुसैनपुर गांव में सशक्त नारी



सशक्त समाज कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इन कैंपों में जिले से आई विशेषज्ञ टीम ने स्थानीय लोगों की जांच की। विशेष रूप से टीबी के 45 संभावित मरीजों का मौके पर एक्स-रे किया गया तथा अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। डॉक्टर प्रणव तेवतिया की देखरेख में आयोजित इन शिविरों में मरीजों को व्यापक परामर्श और टीबी संबंधी काउंसलिंग भी प्रदान की गई। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान करना एवं जन-जन तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# बसपाइयों ने डाक्टर सोनू कश्यप से की वार्ता

**बुढ़ाना।** कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप से जहां बसपा का वरिष्ठ नेताओं का प्रतिनिधिमंडल विधानसभा चुनाव को लेकर मिला वहीं उन्होंने रामलीला में आरती कर लीला का शुभारंभ किया। उन्होंने एक नए प्रतिष्ठान न्यू वैष्णो कलेक्शन का भी उद्घाटन किया। बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने बुढाना पहुंचकर डॉक्टर सोनू कश्यप से भेंट कर विधानसभा चुनाव के संबंध में बात की।

बसपा जिला उपाध्यक्ष इंतजार अली, विधानसभा अध्यक्ष उदयवीर सिंह, विधानसभा सचिव रणजीत सिंह ने बुढ़ाना पहुंचकर डाक्टर सोनू कश्यप से भेंट की और पार्टी की रणनीति के विषय में अवगत कराकर चुनावी चर्चा की। यहां श्याम कश्यप, प्रदीप कुमार व राक. ेश कश्यप रहे।

डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि सर्व समाज ने चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया है तो चुनाव मजबूती से लड़ेंगे और मेरी पार्टी भी समाज मिलकर तय करेगा। उन्होंने बीती रात मंदिर चांदनी वाला में श्री रामलीला प्रदर्शन कमेटी द्वारा आयोजित आदर्श रामलीला में अपनी टीम संग लीला का शुभारंभ आरती करके किया। यहां मास्टर सीताराम कश्यप, पप्पू कश्यप, मास्टर धर्मपाल, मुकेश कश्यप, अभिनव, नीरज कश्यप, विपुल, गोविंद, सचिन आदि मौजूद थे। यहां डॉक्टर सोनू कश्यप ने श्री रामलीला प्रदर्शन कमेटी के अध्यक्ष प्रेम त्यागी, नीरज गर्ग व श्री रामलीला की सम्पूर्ण टीम का आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा उन्होंने डॉक्टर विशाल पाल संग पारसी बस स्टैंड पर आशू पाल के नए प्रतिष्ठान न्यू वैष्णो कलेक्शन का फीता काटकर शुभारंभ किया। यहां अंशुल, राहुल, मोनू, अजय, सोमपाल, राजू आदि मौजूद रहे। उन्होंने दोनो भाइयो अंशुल व आशु पाल को नई शुरुआत पर बधाई दी।

# स्वच्छता प्रतियोगिता दिवस का हुआ आयोजन



**बुढ़ाना।** खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा जो बीते 16 सितंबर से शुरु हुआ था जो अब 30 सितंबर तक चलेगा के अंतर्गत स्वच्छता प्रतियोगिता दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों द्वारा स्वच्छता पर आधारित पोस्टर बनाए गए और सहायक अध्यापिका अनुराधा प्रथम और संगीत द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए प्रेरित किया। उसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान एक स्वच्छता प्रतियोगिता दिवस का अर्थ है एक ऐसा दिन जब स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य संगठनों में स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जैसे कि पोस्टर बनाना, नारा लेखन, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और स्वच्छ परिसर के लिए प्रति स्पर्धा करना। जिसका उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को बढ़ाना और छात्रों एवं समुदायों के बीच जागरुकता पैदा करना होता है। यह प्रक्रिया छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानने और अभ्यास करने में मदद करती है। जिससे स्वच्छ और स्वास्थ्य भविष्य के लिए मजबूत नींव तैयार होती है।

## छात्राओं को दिए गए आत्मरक्षा के टिप्स

**बुढ़ाना।** आज आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत थाना बुढ़ाना से आई हुई पुलिसकर्मी सीमा शर्मा और कुछ महिला पुलिसकर्मियों के द्वारा छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। थाना बुढ़ाना कि पुलिसकर्मी दीपा व कुमकुम द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1090, 100, 112 व 108 आदि नंबरों के विषय में छात्राओं को बताया व आत्मरक्षा छात्राएं किस प्रकार कर सकती है ये सब जानकारी पुलिसकर्मी कुमकुम द्वारा दी गई। सीमा शर्मा द्वारा छात्राओं को बताया गया कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ होती है तो उन्हें अपने बैग में मिर्च वाला स्प्रे रखना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर वह उसका इस्तेमाल कर सके कुछ आत्मरक्षा के टिप्स भी छात्राओं को दिए गए। जिससे वह अपना बचाव आसानी से उस समय कर सके। कालेज की प्रधानाचार्य परमेश कुमारी ने छात्राओं को फेसबुक इंस्टाग्राम आदि न चलाने की सलाह दी और आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## थाना बुढ़ाना में हुआ मां भगवती जागरण

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के परिसर में स्थित मंदिर में बीती मंगलवार की देर रात बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने भगवती माता का जागरण करवाया। जो कि बुधवार को दिन निकलने तक चला। यह विशाल जागरण दूसरे नवरात्र पर आयोजित किया गया। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली में मां भगवती की द्वितीय नवरात्रि पर मैय्या रानी का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जिसमें मां भगवती की सुंदर चौकी सजाई गई। एसपी देहात आदित्य बंसल और कोतवाल सुभाष अत्री ने संयुक्त रूप से माता भगवती की पावन ज्योत जगाकर मैय्या रानी का गुणगान किया।

दोनों पुलिस अधिकारियों ने माता भगवती को सुंदर चुनरी ओढाई और माता जगत जननी को सुंदर सिंगार चढाकर जागरण का शुभारंभ करवाया। एसपी देहात ने पवन ज्योति के दर्शन कर मन्नतें मांगी और सभी पुलिसकर्मियों की सुरक्षा की कामना की। यहां मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने माता रानी की पावन जोत को शीश नवाकर मनोकामना मांगी। पत्रकारों ने भी मैय्या रानी की पावन ज्योति के दर्शन कर मन्नते मांगी। यहां सुविता तिवारी, रामकुमार लख्खा, सोनोटेक कलाकार सुनील जैन एंड पलटी नई दिल्ली की सुंदर झाकियों ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओ का खूब मन मोह लिया।

# आजम खान की रिहाई पर बांटी गई मिठाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री आजम खान के रिहा होने की खुशी में बीती मंगलवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी कौशल के आवास पर मिठाईयां बांटकर सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।

यहां अध्यक्षा के पति और उनके प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने कहा कि आजम खान की रिहाई इंसाफ की जीत है। अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत है। उनके खिलाफ हर षडडंत्र रचा गया लेकिन ये सार्वभौमिक सत्य है कि सच परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही हो सकता। आज हम सभी ने मिलकर यहां पर आजम



खान की रिहाई की खुशी मनाई है तो हम सभी ईश्वर से भी ये ही कामना करें कि आजम खान दीर्घायु हों और स्वस्थ रहें। इस दौरान यहां पर जश्न मनाने वालों में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, अनुराग गर्ग, तनवीर कुरैशी, रवि वर्मा, डॉक्टर खालिद, नजाकत शेख, अकबर शेख, पंडित नारायण दत्त शर्मा, बाबू मल्लाह, अंकित त्यागी और एडवोकेट अभिनव त्यागी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गौरतलब है सुबोध त्यागी जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी के छोटे भाई हैं।

## दिन दहाड़े बाइक चोरी से हड़कंप

**भोपा।** भोपा में बस स्टेण्ड के पास दिनदहाड़े बाइक चोरी से हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी। थाना व गांव भोपा निवासी रोहित ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह भोपा बस स्टेण्ड के पास स्थित मस्जिद के पास वह अपनी बाईक को खड़ी कर काम से पास मे ही गया था। जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब मिली आस-पास तलाश करने पर पता नहीं चला।वहीं चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी। पीड़ित ने बाईक बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। पुलिस चोर की तलाश मे आस- पास लगे सर्विलांस कैमरो की फुटेज खंगाल रही है।

# 13वें महारक्तदान शिविर में दिखा उत्साह, 500 यूनिट रक्त का संग्रह

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली ।** श्री कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज खतौली के तत्वावधान में नगर के प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन की पुण्यतिथि पर 13वां विशाल महारक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

शिविर में लगभग 500 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद हरेन्द्र मलिक व टिकोला शुगर मिल के एमडी सुधीश प्रकाश ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी गौरव स्वरूप ने रक्तदान को मानवता की सेवा का सबसे बड़ा कार्य बताया।एम्प्लाइज एसोसिएशन नेता आर.पी. शर्मा ने स्व. सुरेंद्र कुमार जैन के जीवन पर प्रकाश डाला, वहीं पूर्व गवर्नर लायंस क्लब कुंज बिहारी अग्रवाल ने जैन साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पंकज जैन (गांधी टेंट हाउसद्ध, अरुण जैन (गर्ग डुप्लेक्सद्ध, मुकेश जैन एडवोकेट, योगेश जैन सर्राफ सहित कई अतिथि मौजूद रहे। शिविर में जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर के डॉ. प्रवेश की टीम व न्यूटीमा अस्पताल के डॉ. मुकेश की टीम ने रक्त संग्रह किया। प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने कहा कि रक्त की एक यूनिट से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। यही इसे सबसे बड़ा दान बनाता है।कार्यक्रम का संचालन कलपेन्द्र जैन ने किया तथा संयोजन गौरव जैन व मीनाक्षी जैन ने किया। बैंक एम्प्लाइज संस्था व जैन समाज के अनेक गणमान्यजन कार्यक्रम में



शामिल रहे। मंच सज्जा व रंगोली निर्माण में बच्चों ने योगदान दिया, जबकि 72 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ व स्काउट्स ने अनुशासन बनाए रखने में सहयोग किया। विद्यालय परिवार से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

# श्री राम कॉलेज के वाणिज्य संकाय और बजाज फिनसर्व के बीच हुआ समझौता



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, मुज़फ्फरनगर के वाणिज्य संकाय और बजाज फिनसर्व के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है।

इस समझौते के अंतर्गत बैंकिंग, वित्त और बीमा में 120 घंटे का सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन बैंकिंग, फाइनेंस एंड इंश्योरेंस संचालित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण दिल्ली के अनुभवी अपग्रेड प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को उद्योग विशेषज्ञों, शैक्षणिक संस्थानों और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य संस्थानों के सहयोग से विकसित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य सामग्री इस प्रकार है अभिवृत्ति स्व-स्वरूप प्रबंधन, कौशल संचार एवं कार्यस्थल कौशल ज्ञान खुदरा सोच एवं बीमा का अवलोकन, योग्यता मूल्यांकन परीक्षा

इस कार्यक्रम में बी.कॉम. तृतीय वर्ष के छात्रों का पंजीकरण किया गया है। यह प्रशिक्षण न केवल उनके व्यक्तित्व एवं पेशेवर कौशल को विकसित करेगा बल्कि प्लेसमेंट अवसरों में भी सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को एनसीवीईटी द्धभारत में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय परिषदऋ का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ अशफ़ाक अली ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री राम कॉलेज सदैव अपने विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बजाज फिनसर्व के साथ यह साझेदारी हमारे छात्रों को बैंकिंग, वित्त और बीमा के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल उपलब्ध कराएगी। हमें पूर्ण बिश्वास है कि इस प्रशिक्षण से छात्र न केवल अपने करियर को नई दिशा देंगे बल्कि भविष्य के चुनौतियों का भी सफलतापूर्वक सामना कर पाएंगे जिससे छात्र भविष्य की चुनौतियों का आत्मबिश्वास के साथ सामना कर सकें। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने कहा हयह समझौता सिर्फ औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि श्री राम कॉलेज के छात्रों के उज्जवल भविष्य की नींव है। अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम छात्रों को न केवल शैक्षणिक मजबूती देगा, बल्कि उन्हें औद्योगिक व्यावहारि. कता और आत्मनिर्भरता की ओर भी ले जाएगा।

IS 15700:2018

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
हरि मन्दिर / पानी की टंकी के पीछे,
विवेक नगर, दिल्ली रोड, सहारनपुर-247001 (उ0प्र0)
वेबसाईट: https://www.upavp.in, ई-मेल :- emosrn@upavp.com

पत्रांक :- 1207 / स०प्र० सहारनपुर दिनांक 08/09/2025

**सर्वसाधारण हेतु सूचना**

परिषद की शाकुन्तलम योजना, मुजफ्फरनगर में स्थित भूखण्ड सं0-554 का आवंटन कार्यालय पत्रांक-341 दिनांक 16.03.2005 द्वारा श्री सत्यवीर सिंह मलिक पुत्र श्री सुरजवली एवं श्रीमती रमेशवती पत्नी श्री सत्यवीर सिंह मलिक के पक्ष में किया गया। आवश्यक विलेखों के निष्पादनोपरान्त आवंटीगणों द्वारा भूखण्ड का भौतिक कब्जा परिषद से दिनांक 16.03.2007 को प्राप्त कर लिया गया था। भूखण्ड का विक्रय विलेख आवंटीगणों ने परिषद से स्वयं के पक्ष में दिनांक 17.03.2012 को निष्पादित कराकर दिनांक 23.03.12 को पंजीकृत करा लिया था।

अब श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री राजीव कुमार ने अपने प्रार्थना पत्र द्वारा कार्यालय को अवगत कराया है, कि उक्त भूखण्ड उन्होंने श्री सत्यवीर सिंह मलिक व श्रीमती रमेशवती का देहान्त हो जाने के कारण उनके वारिसों क्रमशः श्री नवीन कुमार मलिक व श्री नितिन मलिक पुत्रगण श्री सत्यवीर सिंह मलिक एवं श्रीमती निधि तोमर पत्नी श्री अजय कुमार (पुत्री श्री सत्यवीर सिंह मलिक) से बजरिये बैनामा दिनांक 29.10.2020 क्रय किया है। जिस आधार पर अन्य वांछित प्रपत्र संलग्न कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण स्वयं के पक्ष में किये जाने का अनुरोध कार्यालय से किया गया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि परिषद की शाकुन्तलम योजना, मुजफ्फरनगर में स्थित भूखण्ड सं0-554 का विक्रयोपरान्त नामान्तरण श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री राजीव के पक्ष कुमार में किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर सुसंगत साक्ष्यों सहित अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड सं0-554 का नामान्तरण श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री राजीव कुमार के पक्ष में कर दिया जाएगा। बाद में किसी का कोई क्लेम / दावा मान्य नही होगा।

(महामहिन्द)
सम्पत्ति प्रबन्धक

**खोया-पाया**

मैने हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 1978 में सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर से उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक सं. -755474 है। जिसकी सनद व अंक पत्र दोनों ही कही खो गये है। जिस व्यक्ति को मिले मेरे उपरोक्त पते पर पहुंचाने का कष्ट करे।

**मौ.अरशद पुत्र मौ.असगर**
**निवासी मौहल्ला काजियान, सरवट, थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर**
**मो.न-8273692572**

**सूचना**

मेरा छोटा भाई भूपेन्द्र कुमार पुत्र स्व.कर्ण सिंह जो अपना अच्छा बुरा समझने में सक्षम है। मेरा छोटा भाई भूपेन्द्र कुमार शराब पीने का आदी है तथा मेरे व मेरे छोटे भाई कविन्द्र के कहने सुनने से बाहर है इसलिए आज दिनांक 24.09.2025 को मैने व मेरे छोटे भाई कविन्द्र ने मेरे छोटे भाई भूपेन्द्र कुमार से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मेरे छोटे भाई भूपेन्द्र कुमार द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे छोटे भाई कविन्द्र की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरा छोटा भाई भूपेन्द्र कुमार अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रविन्द्र कुमार पुत्र स्व.कर्ण सिंह**
**निवासी गली न.8, खंजापुर बुढाना मोड, थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर**

# युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**उपचार के दौरान पांचवे दिन हुई मौत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी युवक ने ज़हरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां पांच दिनों बाद उसकी मौत हो गयी।

युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। परिजनों ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए गांव के व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी आलोक ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके चचेरे भाई अनुज ने बीते शुक्रवार की शाम को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसके बाद अनुज को मुज़फ्फरनगर अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ मेडिकल रेफर किया दिया। बुधवार को उपचार के दौरान अनुज ने दम तोड़ दिया। पोस्ट मार्टम के बाद शव को घर लाया गया।

वहीं चचेरे भाई अलोक ने थाने पर तहरीर देकर बतया की मृतक ने उपचार के दौरान सोसाईड नोट लिखा था जिसमें उसने गांव के ही तीन युवकों द्वारा आगामी पंचायत चुनाव मे राजनितिक लाभ के लिए उस पर दर्ज एक मुकदमे मे फैसला करने का दबाव बनाकर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। इसी मानसिक परेशानी मे अनुज ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने अनुज को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मदरसे में गलत शिक्षा देने का आरोप, ग्रामीणों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम शेखपुरा के कुछ ग्रामीणों ने मदरसे में बच्चों को गलत शिक्षा देने और नशे की प्रवृत्ति सिखाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता यासीन पुत्र अब्दुल रहीम ने बताया कि मदरसे में पढ़ाने वाले कारी गुलशेर और कारी मुजम्मिल विवाद का केंद्र रहे हैं।

यासीन ने कहा कि जब गांववालों ने दोनों शिक्षकों को बच्चों को सही शिक्षा देने के लिए समझाया, तो उन्होंने कई ग्रामीणों को अपने साथ लेकर गांव में विवाद उत्पन्न कर दिया और वहां से भाग गए। इसके बाद वही लोग गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा फिर से मदरसे में बुलाए गए। यासीन ने चेतावनी दी कि इससे मदरसे में पढ़ने वाले छोटे बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है और उन्हें गलत संगत में डालने का खतरा है।

उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गांव में किसी बड़े षडयंत्र की संभावना है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि ये दोनों शिक्षक गलत प्रवृत्ति वाले लोगों को मदरसे बुलाकर सटेबा. जी के नंबर भी बताते हैं। यासीन ने पुलिस से गुहार लगाई कि मामले की गंभीर जांच कर दोनों शिक्षकों को मदरसे से हटाया जाए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और इंस्पेक्टर दिनेश चंद बघेल ने यासीन को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षिका के बंद मकान में दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** दिनदहाड़े शिक्षिका के बंद घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सेफ अलमारी का ताला तोड़ते हुए नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी तब हुई, जब गृहस्वामी की मां अपनी पोती को स्कूल से लेकर लौटी और घर का ताला टूटा देखा।

मिट्ठूलाल कॉलोनी निवासी सोनिया पत्नी विशु अरोड़ा कस्बे के एक पब्लिक स्कूल में शिक्षिका हैं। बुधवार सुबह वह स्कूल चली गईं, जबकि उनका पति अपनी बेकरी की दुकान पर चला गया। इस बीच घर बंद रहा। करीब चार घंटे बाद विशु की मां कैलाशी पोती को स्कूल से लेकर घर लौटीं तो दरवाजे का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। तुरंत ही उन्होंने बेटे और बहू को सूचना दी। घर लौटे पति-पत्नी ने देखा कि कमरों का सामान बिखरा पड़ा है और सेफ अलमारी का ताला टूटा हुआ है। उसमें रखे करीब 52 हजार रुपये नकद, सोने की एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी टॉप्स व करीब 300 ग्राम चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी की खबर फैलते ही कॉलोनीवासियों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस का मानना है कि चोरों ने पहले से घर की रेकी कर रखी थी और परिवार के बाहर जाते ही घटना को अंजाम दिया। पीड़ित विशु पुत्र वेदप्रकाश ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर शीघ्र खुलासे की मांग की है।



# छपार टोल पर धरने को समर्थन देने आए उत्तराखंड से विधायक उमेश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार दिल्ली से लौटते हुए टोल पर धरना दे रहे टोल कर्मियों से मिले और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार की कानपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक विधायक उमेश कुमार ने हटाये गये टोल कर्मियों से कहा कि उन्हें वापस न रखा गया तो टोल नहीं चलेगा।

मृतक टोल मेनेजर अरविंद पांडे की रिपोर्ट में उसकी पत्नी को वादी बनाया जाये उन्होंने कर्मियों को आश्वस्त किया कि टोल कम्पनी ब्लेक लिस्ट हो चुकी ओर दूसरी कम्पनियों से आवेदन मांगे जा रहे हैं जो भी नई कम्पनी आयेगी पहले उन्हें रखा जायेगा वर्ना नहीं चलेगा उसके बाद भी धरने की जरुरत पड़ी तो जितने लोग यहां से आयेगे उससे दोगने लोग उत्तराखंड से आयेगे। कर्मचारियों ने शिकायत की कि उनसे आधा वेतन वापस मांगा जा रहा है।

विधायक ने कि एक रुपया भी वापस ने दें। अगर कर्मचारियों को हटाया जायेगा तो दस वर्ष का वेतन दिया जाये जिससे वे अपने परिवार का पालन पोषण कर सके उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। जगनमोहन शर्मा, राजेश शर्मा, शिवदत्त,नकली शर्मा, नाथुराम, धर्मेंद्र शर्मा , अशोक गुर्जर, शहजाद त्यागी समर्थक मौजूद रहे।

# चरथावल में जमकर हो रहा अवैध खनन, खनन माफिया काट रहे चांदी

**कुछ तथाकथित पत्रकार भी मांग रहे हिस्सा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** योगी सरकार की मनाही के बाद भी चरथावल क्षेत्र मे अवैध खनन का कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा हेस यहां खनन माफिया दिन ढलते ही जेसीबी मशीन ट्रेक्टर ट्रालिया सहित बड़े बड़े डमपरो के सहारे अवैध खनन का खुला खेल खेल रहे हेस ऐसा नहीं हे की स्थानीय पुलिस प्रशासन को यह जानकारी नहीं हे लेकिन कार्यवाही करने मे सब लापरवाह बने हेस या यह कहे की स्थानीय पुलिस प्रशासन की नाक के निचे यह खेल खेला जा रहा हे और योगी सरकार के आदेशों को पलिता लगाया जा रहा हे।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की मनाही के बाद भी जिले भर मे चरथावल थाना क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रो मे अवैध मिटी खनन का कार्य जोरो शोरो से चल रहा हेस एक और तो योगी सरकार भू माफियाओ, गुंडे बदमाशों, खनन माफियाओ की कमर तोड़ने मे लगी हुई हे तो वही क्षेत्र के कुछ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी खुलेआम खनन माफियाओ से साठगाठ कर जमकर चांदी काट रहे हेस चरथावल मे थानाभवन मार्ग सहित मथुरा चौकड़ा मार्ग की बात करे तो यहां दिन रात अवैध मिटी खनन चल रहा हे और दिन निकलने से कुछ देर पहले तो चरथावल मे बड़ी संख्या मे मिटी की ट्रालियो की लाइन रोड पर लगी नजर आती हेस गत दिवस खुलेआम खनन होते एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था जिससे क्षेत्र सहित जिले मे हड़कंप मच गया थास वही जेसीबी के सहारे ट्रेक्टर ट्रालिया और बड़े बड़े बिना नंबर के डमपरो, ट्रेक्टरो से थाने पुलिस चौकी के सामने से गुजर कर अपने अपने गतव्यों की और जाकर मिटी भराव कर रहे हे तस्वीरों मे आप देख सकते हे की दिन हो या रात किस तरह अवैध मिटी खनन का काला कारोबार किस तरह संचालित हो रहा हेस तहसील स्तर के अधिकारी हो या फिर स्थानीय पुलिस की बात करे तो किसी के कानो पर भी जु तक नहीं रेगति नजर नहीं आ रही हेस ज़ब स्थानीय नागरिकों द्वारा अवैध मिटी खनन की सुचना स्थानीय पुलिस को दी जाती हे तो पुलिस तहसील स्तर के अधिकारी द्वारा कार्यवाही करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड लेती हेस इसके बाद तहसील स्तर के अधिकारियो को सुचना के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा रोकने की बात कहकर मामले मे खानापूर्ति कर दी जाती हे और क्षेत्र के नागरिक गुहार लगाकर थक जाते हे थके भी क्यों न ज़ब खनन माफियाओ द्वारा जमकर चांदी काटी जा रही हे और उस चांदी की मलाई जिस जिस को भी मिल रही हे तो फिर वह खनन माफियाओ के खिलाफ क्यू कानूनी कार्यवाही करेंगेस पिछले दिनों जरूर सहारनपुर एसएसपी द्वारा खनन मे लिप्त थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर हड़कंप मचा दिया था तब क्षेत्रवासियो को यह आस जगी थी की चरथावल क्षेत्र मे भी खनन पर रोक लगेगी लेकिन या तो फिर वही पुराने ढर्रे पर काम चल रहा हे और सुबह के समय तो खनन माफिया जमकर चांदी काटते नजर आ रहे हेस और खनन पर रोक के योगी सरकार के आदेशों की खुलेआम धज्जिया उड़ाते नजर आ रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में टोल उप प्रबंधक की हत्या पर रोष


**खतौली।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, खतौली की बैठक में छपार टोल पर उप प्रबंधक पद पर कार्यरत अरविंद पांडे की जघन्य हत्या पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता के.पी. शर्मा ने की जबकि संचालन महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए महासभा ने सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए तथा उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।इस अवसर पर शिवनाथ शर्मा, प्रवीण शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, जे.बी. कौशिक, प्रदीप शर्मा, विनोद शर्मा, दीपचंद शर्मा, दुष्यंत शर्मा, अनुपम गौड़, वीरेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, देवेंद्र शर्मा, ख्र ष्ण कुमार शर्मा और सतीश कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो महासभा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### फैक्ट्रियों में अप्रेंटिसशिप दिलाने पर सहमति

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में अप्रेंटिसशिप से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईटीआई और पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षुओं को विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में अप्रेंटिसशिप दिलाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर आईआईए चौप्टर चेयरमैन अमित जैन, डिविजनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल, सीडीओ कमल किशोर कडारंकर, उपायुक्त उद्योग जैस्मिन फौजदार, एवं आईटीआई व पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे

### कॉलीवुड से लेकर कनाडा तक अधूरा ख्वाब की गूंज




**बुढ़ाना।** मशहूर फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के मंझले भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म अधूरा ख्वाब रोज नये नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। साउथ इंडिया के कॉलीवुड फिल्म फेस्टिवल में फिल्म अधूरा ख्वाब ने जीत का ख़िताब हासिल कर लिया है। अब फिल्म कनाडा के अल्टरनेटिव फ़िल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड की बेस्ट थ्री फिल्मों में शामिल हो गई है। कनाडा के इसी फिल्म फेस्टिवल में अधूरा ख्वाब की मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सोनिया शर्मा को भी वर्ल्ड की बेस्ट थ्री बेस्ट एक्ट्रेस फीमेल में जगह मिल गई है। इसी माह के अंत में बेस्ट फ़िल्म बेस्ट एक्ट्रेस का अनाउंस होना है। फिल्म सभी फेस्टिवल में धूम मचा रही है। इस फ़िल्म की निर्माता सबा सिद्दीक़ी एवं फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी हैं। क्रिएटिव प्रोडड्यूसर शिव चौधरी हैं। फ़िल्म के मुख्य किरदारों में मुख्य रूप से अली मर्चेंट, मुरसलीन कुरैशी और गायत्री शर्मा आदि कलाकार हैं। इस फ़िल्म के डायरेक्टर शादाब ख़ान हैं। फ़िल्म की कहानी स्क्रीन प्ले डायलॉग खुद फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी ने ही लिखे हैं। इस फ़िल्म का क्रिएट भी स्वयं फ़ैजुद्दीन सिद्दीकी ने ही किया है। उल्लेखनीय है कि इस फिल्म के किरदार मुरसलीन कुरैशी बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लोई के निवासी हैं। जिनकी कई बालीवुड फिल्में रिलीज हो चुकी हैं।

### खतौली में रात के अंधेरे में सड़क हादसा, दो स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**खतौली।** देर रात रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को तुरंत सूचित किया।बघायलों की पहचान हर्षित जैन, पुत्र रवि जैन, निवासी कानूगोयन, खतौली और शिवम, पुत्र यीशु, निवासी राजाराम, खतौली के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक किसी कार्य के सिलसिले में स्कूटी पर जा रहे थे कि तभी हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घायलों को तुरंत खतौली अस्पताल लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफ़र कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गंगा घाट पर महाआरती को लेकर शुरू हुई खींचतान

**मोरना।** शुकतीर्थ गंगा घाट पर कनक भवन के सामने महाआरती आयोजन किया गया था। अन्य के द्वारा दोबारा आरती के आयोजन की घोषणा को लेकर गंगा सेवा समिति ने एतराज जताया। इसी परिपेक्ष मे गंगा सेवा समिति कार्यालय भवन पर बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारियो ने गंगा आरती प्रकरण को लेकर नारा. जगी व्यक्त की।

बैठक में बोलते हुए गंगा सेवा समिति अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा गंगा आरती का स्थान बदलना गलत है। प्रशासन व्यवस्थाओं को छीन भिन्न करना चाहता है। गंगा सेवा समिति विवाद नहीं चाहती। जब प्रशासन ने गंगा सेवा समिति को अधिकार दिए हैं, तो दूसरे स्थान पर गंगा आरती कराना क्या उचित है। गंगा आरती की व्यवस्था व गंगा मंदिर की देखभाल, प्रसाद व्यवस्था गंगा सेवा समिति द्वारा की जाती रहेगी।प्रशासन अन्य को इसकी अनुमति देकर गंगा सेवा समिति अधिकारों में दखल दे रहा है। यह न्याय उचित नहीं है। उपाध्यक्ष अरुण गोयल ने कहा तय स्थान को छोड़कर दूसरी जगह आरती करना गलत है।

गंगा सेवा समिति के पदाधिक. ारी समय मिलते ही जिला अधिक. ारी को इस प्रकरण से अवगत कराएंगे। स्वामी विष्णु तिलकधारी महाराज ने कहा जिलाधिकारी ने गंगा सेवा समिति को अधिकार दिए हैं। समिति घाट की साफ सफाई, प्रसाद पुरोहित और नाव की व्यवस्था वर्षो से करती चली आ रही है। प्रशासन दबाव देकर दूसरी जगह आरती कर रहा है। दूसरे को अधिकार देना गलत है। अधिकार के अनुसार हमें रोकने के अधिकार हैं। कथा व्यास अजय कृष्ण शास्त्री ने कहा गंगा सेवा समिति रजिस्टर है गंगा घाट पर कुछ भी अलग होगा इसका विरोध किया जायेगा। महामंत्री महकार सिंह ने कहा की अन्य द्वारा केवल 22 सितंबर तक आरती करने की बात कही गई थी। गंगा सेवा समिति प्रशासन की व्यवस्था है। व्यवस्था और नियम कानून के हिसाब से तय जगह पर करें। बैठक में पूर्व प्राचार्य इंद्रपाल आचार्य प्रेम शंकर मिश्रा कैलाश चंद सत्यवीर सिंह मंकर सिंह सुरेंद्र सिंह सुभाष बाबू मैनेजर देवेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।



# दवाइयों पर जीएसटी घटाने की कैमिस्टों ने की सराहना

**मुजफ्फरनगर।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (रजि.) की एक आवश्यक मीटिंग प्रमोद मेडिकल एजेंसी, जिला परिषद प्रांगण में आहूत की गई, सर्वप्रथम सुभाष चौहान द्वारा सरकार के इस निर्णय को बहुत ही अधिक लाभप्रद बताया गया,जिसमें सरकार द्वारा जो पहले दवाइयों पर 12 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी लागू था, वह घटकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आम जनता को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा, परंतु सरकार व्यापारी को यह भी बताएं कि हमारे दवा व्यापारियों के पास एक करोड़ से 45 करोड़ तक का स्टॉक है, जिस पर सरकार को 12 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी दे रखा है, अब दवा व्यापारी बिलिंग 5 प्रतिशत पर कर रहा है, हमारा सरकार से निवेदन है कि हमारा 7 प्रतिशत का आईटीसी कब मिलेगा, यह बताया जाए, क्योंकि सरकार द्वारा व्यापारी से टैक्स एडवांस ले लिया जाता है, तो दवा विक्रेताओं का भी टैक्स का डिफरैन्स तुरंत व्यापारी को मिलना चाहिए, हम अगर एक दिन भी टैक्स जमा नहीं करते या जमा करने में देरी करते हैं तो सरकार 18 प्रतिशत का ब्याज वार्षिक दर पर व्यापारी से वसूल कर लेती है।



# साहिब अंसारी बने छात्र सभा के बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने बीती रविवार की देर रात बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में एक स्थान पर आयोजित हुए एक भव्य समारोह में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में समा. जवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजि. नियर विनित कुशवाह की संयुक्त अनुमति से मौहम्मद साहिब को समाजवादी पार्टी छात्र सभा का बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का नया अध्यक्ष मनोनीत करते हुए हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा और आशा जताते हुए ये भी कहा कि आप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नितियों एवं सिद्धान्तों को सभी जन जन तक पहुंचाते हुए समाजवादी पार्टी को और भी अधिक मजबूत और गतिशीलता प्रदान करने का काम करते रहेंगें। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर एसपी पटेल, समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी और समाजवादी पार्टी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अकरम खान, हसीन कुरैशी, नगर अध्यक्ष जुल्किार कुरैशी डा. नदीम अहमद मासूम अली इकबाल कुरैशी अनेश निर्वाल आदि सपा नेता उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रमुख के पक्ष में गठवाला हुआ एकजुट

**बुढ़ाना।** छपार टोल प्रकरण की गूंज बुढ़ाना भी पहुंच गयी है। इसी मामले में बुढ़ाना के डाक बंगले पर बुधवार की सायं गठवाला खाप की एक आपात बैठक हुई।

जिसमें पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के पक्ष में गठवाला खाप एक जुट दिखाई दी। इस बैठक में सोने पर सुहागा तब हो गया जब त्यागी समाज समेत अन्य समाज के लोग भी गठवाला खाप की बैठक में पहुंच गये और पूर्व प्रमुख को अपना समर्थन दे डाला। बैठक में गठवाला खाप के बाबा श्याम सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि में कुछ दिनों से देख रहा हूं कि कोई मांगेराम नाम का व्यक्ति लाश पर राज. निति कर रहा है और वो किसी संगठन का भी राष्ट्रीय अध्यक्ष है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का काम पीड़ित की मदद करना होता है न कि किसी को भडकाने का काम करना। यहां पर त्यागी समाज के लोगों को देखकर ऐसा लग रहा है कि उनका समाज भी शायद उनके गलत कारनामों के कारण उनके साथ नहीं है। मांगेराम घमंडी है घमंड तो रावण का भी नहीं रहा। अगर वे ज्यादा जहर घोलेंगे तो सर्व समाज फिर कोई बड़ा निर्णय लेगा। इस मामले में हम प्रशासन से मिलेंगे अगर कोई हल नहीं निकला तो फिर सर्व समाज कोई बड़ा निर्णय लेगा। सुरेंद्र सहरावत ने कहा वे मांगेराम का नाम अखबारों में पढ़ते थे। सोचते थे अच्छा आदमी है। अब पता लगा कि वो कैसा है। उसकी क्या जबरदस्ती है जो वो अपने लोगों को प्रमुख के टोल पर रखवा रहा है। फुगाना के पूर्व प्रधान मोनू ने कहा कि मांगेराम दलाल है वो त्यागी नहीं है। वो जिले में जहर घोलने का काम कर रहा है। बालकिशोर त्यागी जैसे त्यागी समाज के लोग इस मुद्दे पर हमारे साथ हैं। उन्होंने मांगेराम का नाम लेकर खुली चेतावनी देकर कहा चुपचाप घर बैठ मांगेराम नहीं तो तेरा इलाज कर देंगे। अगर जिले का माहौल बिगड़ा तो मांगेराम जिम्मेदार होगा। हम ये चेता. वनी प्रशासन को दे रहे हैं। उसे धरने से उठाकर जेल में डाले। वो धरना देकर राजनिति कर रहा है। कपूरगढ के पूर्व प्रधान कलीराम और नरेंद्र चेयरमेन ने कहा कि हम विनोद मलिक के साथ हैं। मांगेराम के आदमी फोन पर रंगदारी मांग रहे हैं जिसकी ओडियो वायरल हो रही है पर प्रशासन कोई भी एक्शन नहीं ले रहा है। प्रशासन ने अगर इसके विरुद्ध कार्यवाही नहीं की तो अच्छा नहीं होगा। बैठक में करतार सिंह गुर्जर टोडा, बाल किशोर त्यागी, लविश जांगिड, संयम पंवार, मास्टर धर्मपाल आर्य, सत्यपाल सहरावत, सुशील सराय प्रधान, अनिल तोमर, तस्लीम अहमद आदि मौजूद थे।



# गुरुकुल रतनपुरी में तृतीय नवरात्र पर गूंजे वैदिक मंत्र

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** गुरुकुल रतनपुरी में नवरात्र महोत्सव का रंग-रूप भक्ति भाव में डूबा दिखाई दिया। तृतीय नवरात्रि पर बुधवार को पंच कुण्डीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरे परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच माता चंद्रघंटा की आराधना हुई। श्रीराम जानकी सेवा समिति (रजि.)के तत्वावधान में आयोजित इस महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सतपाल ठाकुर, जीतेन्द्र मोतला (टिटौड़ा), रणधीर बाबू (टोढ़ा), सोमपाल चेयरमैन (टोढ़ा), मनोज प्रजापति, सतीश (रतनपुरी), सागर ठाकुर, तरसपाल चेयरमैन और राज. ेंद्र मित्तल ने विधिविधान से आहुति अर्पित की।समिति के अध्यक्ष व संरक्षक आचार्य अनिरुद्ध शर्मा तथा यज्ञाचार्य श्रद्धेय श्री अत्रि जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को माता चंद्रघंटा के महत्व का संदेश देते हुए कहा कि देवी दुर्गा का यह तीसरा स्वरूप शांति और सुख का प्रतीक है। उनकी उपासना से साधक को मानसिक शांति, बल और समृद्धि की प्राप्ति होती है। महायज्ञ में सतेंद्र ठाकुर, श्याम सोम, भरत सिंह, तरसपाल, राजेंद्र, संकित शर्मा, विनीत शर्मा, गौरव, अमन, आयुष, विशाल, प्रवेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ के भागी बने।



# रामपुरी में मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

**मुजफ्फरनगर।** अग्रवाल सेवा समिति रामपुरी द्वारा शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जयंती नरेश बंसल के आवास पर मनाई गई।

जिसमे अतिथियों के रूप में पहुंचे नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष संजय मित्तल पूर्व विधायक अशोक कंसल महामंत्रे दिनेश बंसल अनिल तायल प्रमोद मित्तल अमित अग्रवाल विनीत गोयल आदि को पटका पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष संजय मित्तल व महामंत्रे दिनेश बंसल ने कहा कि सभी अग्र बंधुओ को अपने घर व प्रतिष्ठानों के मंदिर में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति अवश्य लगाए तथा उनकी पूजा करें कार्यक्रम मे शिवकुमार सिंघल, दिनेश गुप्ता, बंटी बंसल, सुरेश चंद्र गर्ग, संजय गोयल, अंकुर गर्ग, अरुण मित्तल, मनोज गुप्ता, अभिषेक गर्ग, प्रवीण गुप्ता, रविंद्र कुमार, देवेंद्र गर्ग, मोंटी गोयल, सरवन गोयल, अशोक गोयल, कार्तिक मित्तल, अनुज सिंगल, आर्य बंसल, मनीष गर्ग सहित काफी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।




**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगें।

# बस से उतरते वक्त सड़क पर गिरी बीए की छात्रा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की बस से उतरते वक्त सड़क पर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। छात्रा कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पढ़ने के लिए आ रही थी। हादसे से परिजनों में को. हराम मचा है। वहीं, पुलिस ने छात्रा के शव को पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शामली के मोहल्ला बड़ा बाबू बरखण्डी निवासी ईशाद्ध18ऋ कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बुधवार को वह प्राइवेट बस में सवार होकर पढ़ने के लिए महाविद्यालय आ रही थी। इसी दौरान महाविद्यालय के सामने बस से उतरते वक्त छात्रा सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल छात्रा को उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल में पहुंचे। छात्रा की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। छात्रा की मां मृतका शव से लिपटकर रोती हुई नजर आई। बाद में कस्बे की किलागेट चौकी प्रभारी एसआई विनोद राघव महिला कांस्टेबल व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ में अस्पताल पहुंचे तथा छात्रा के शव का पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि मृतक छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज करके अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर में पढ़ने के लिए आ रही थी शामली की छात्रा, हादसे से परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने मृतक छात्रा के शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### छात्रा के पिता की पूर्व में हो चुकी है मौत

हादसे का शिकार हुई बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ईशा चार बहनों में सबसे छोटी बताई गई है। छात्रा के पिता की पूर्व में बीमारी से मौत हो चुकी है। बुधवार को छात्रा पढ़ने के लिए बस में सवार होकर महाविद्यालय के लिए आ रही थी। बताया गया है कि हादसे के वक्त बस पूरी तरह से रुक नही पाई थी। छात्रा ने बस से उतरने का प्रयास किया, लेकिन बस में सवारियों की अधिक भीड़ होने के कारण वह अपना संत. ुलन खो बैठी और सड़क पर जा गिरी।



## संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरी विवाहिता की उपचार के दौरान मौत

**कैराना।** गांव तीतरवाडा निवासी जुनैद की बहन अनवरी की शादी गांव गंदराऊ निवासी राशिद के साथ में हुई थी। जुनैद का कहना है कि शादी के 6-7 वर्षों बाद भी उसकी बहन को कोई बच्चा नही हुआ था। इसी वजह से पति राशिद व ननद हदीसा उसकी बहन को आए दिन परेशान व प्रताड़ित करते रहते थे। आरोप है कि राशिद उसकी बहन की हत्या करके अथवा तलाक देकर दूसरी शादी करने के फिराक में था। आरोप है कि विगत 14 सितंबर की रात्रि उसका बहनोई राशिद कोल्डड्रिंक लेकर आया, जिसमें उसकी बहन की ननद हदीसा व ननद की पुत्री रानी ने योजना बनाकर कोई नशीला पदार्थ मिला दिया। उन्होंने उसकी बहन को वह कोल्डड्रिंक पिला दी। कोल्डड्रिंक पीने के बाद उसकी बहन बेहोश हो गई। इसके बाद, आरोपियों ने उसकी बहन अनवरी को जान से मारने की नीयत से छत पर ले जाकर धक्का दे दिया, जिससे उसकी बहन की कूल्हा व हाथ-पैर टूट गए और वह मरणासन्न हो गई। सुबह उन्हें मामले की सूचना मिली, जिस पर वह अपनी बहन को उसकी सुसराल से ले आए। उन्होंने उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी बहन को गम्भीर अवस्था में मेरठ के लिए रेफर कर दिया। विवाहिता का मेरठ में उपचार चल रहा था। बताया जा रहा है कि विवा. हता को परिजन मेरठ अस्पताल से घर ले आए थे। मंगलवार रात्रि के समय अचानक हालत बिगड़ने पर उन्होंने विवाहिता को शामली संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिस पर बुधवार को तीतरवाडा चौकी प्रभारी एसआई विपिन शर्मा पुलिस टीम के साथ में डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल पहुंचे तथा मृतका के शव को पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## समर्पण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अमन नामदेव भारत मंडपम दिल्ली में पुरस्कार से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाज सेवा में संलग्न समाज सेवी अमन नामदेव को रक्त सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स निफा द्वारा भारत मंडपम दिल्ली में सम्मान से नवाजा गया। यह कार्यक्रम निफा के 25 स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे भारत से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को आमंत्रित किया गया था। इस पुरस्कार के मिलने पर अमन नामदेव ने बताया की यह सम्मान सेवा का सम्मान है, वो यह सम्मान अपने सभी सहयोगियों एवं सभी साथियों को समर्पित करते है। उन्होंने कहा की सेवा करने का भाव और सेवा करने सौभाग्य ईश्वर की असीम अनुकम्पा से प्राप्त होता है। ईश्वर ने मुझे सेवा करने का अवसर प्रदान किया है, ए मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर निफा के संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नू, निफा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे शामली से संदीप उपाध्याय, वासु उपाध्याय, डॉ राहुल गोयल, सूरज वर्मा, मुरसलीन, पुनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।




## एक नजर

### होर्न बजाने को लेकर बाइक सवार के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव मुल्लापुर निवासी अर्जुन सिंह पुत्र बाबूराम ने थाने में तहरीर देकर अस्पताल कॉलोनी निवासी आरोपी पर मारपीट का आरोप लगाया है। अर्जुनसिंह का कहना है कि वह सहारनपुर जिले ननौता कस्बे में सरकारी एम्बुलेंस पर ड्राइवर है। रविवार रात करीब 9 बजे तबीयत खराब होने पर वह सरकारी अस्पताल में दवाई लेने जा रहा था। गेस्ट हाउस के पास सड़क पर कुत्ता आ जाने पर उसने हॉर्न बजाया, जिस पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद दोबारा आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर उस पर हमला किया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी और उसके साथी वहां से भाग गए। अर्जुन ने आरोपी व अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट, धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हल्का चौकी इंचार्ज इंदर सेन ने बताया कि मामले में सीसी फुटेज की जांच की जा रही है जांच उपरांत आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### यमुना बांध मार्ग पर स्मैक के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में बढ़ते नशे के खिलाफ अभियान में चौसाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार सुबह सहारनपुर बॉर्डर के पास यमुना बांध मार्ग पर पुलिस ने 9 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। चौसाना चौकी प्रभारी खूब सिंह के नेतृत्व में सुबह मुखबिर की सूचना पर यमुना बांध मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नासिर पुत्र इस्तयाक निवासी भडी भरतपुरी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 9 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपित नासिर भडी गांव से होकर सहारनपुर स्मैक बेचने जा रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने कई अहम जानकारियां पुलिस को दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यमुना किनारे के गांवों में नशे का जाल तेजी से फैल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### स्वच्छता जागरूकता को लघु काव्य प्रतियोगिता की आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छ उत्सव थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत लघु काव्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, छात्राओं ने अपनी कविताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। निर्णायक मंडल डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. संजय कुमार ने परिणाम घोषित किए, प्रथम स्थान मुस्कन पुत्री रविन्द्र सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रिंसी सैनी पुत्री प्रमोद कुमार बी. एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान सादिया पुत्री अतहर बेग बी. कॉम तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इसी अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. सीमा सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों व सहयोग की भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू द्वारा किया गया, जिसमे स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर स्वच्छता व सेवा का संदेश दिया।

# साइबर अपराध के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के केके पब्लिक स्कूल में थाना एसटीयू द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को साईबर अपराध और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

बुधवार को जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 चलाया गया है, जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होने नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान, साईबर अपराध, मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाईन नंबरों सहित प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक तपस्या यादव, प्रमोद कुमार, डोली, गोपाल कुमार, सीमा शर्मा, सचिन यादव आदि मौजूद रहे।



## 4 साल बाद प्रभुजी का अपने परिवार में मधुर मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समालखा हरियाणा से बलराज जैन जी की सूचना के आधार पर एक पुरुष प्रभुजी को लावारिस एवं असहाय स्थिति में अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा आश्रम में भर्ती किया गया प्रभुजी ने अपना नाम अजय बताया प्रभुजी का इलाज मनोरोगी विशेषज्ञ डॉ अरुण रॉय जी के परामर्श से किया गया इलाज एवं आश्रम के अच्छे वातावरण से ही प्रभुजी की स्थिति में अल्प समय में ही बहुत अच्छा सुधार आया काउंसिंग के दौरान प्रभुजी ने अपना पता माधव नगर, उज्जैन का बताया कार्यालय के जानकार दिनेश दवे जी जो कि इंदौर में रहते थे उन्होंने अपने परिवार के सदस्य तुलसी जी जो कि उज्जैन में प्रभुजी के पड़ोस में ही रहते है उन से सम्पर्क किया तुलसी जी ने प्रभुजी की मम्मी से हमारी बात कराई एवं कार्यकाल का नम्बर प्रभुजी की मम्मी को दिया प्रभुजी की बात विडियो कॉल के माध्यम से उनकी मम्मी से कराई गई। प्रभुजी की मम्मी श्रीमती शारदा जी ने बताया कि वे बहुत जल्दी अपने बेटे को लेने अपना घर आश्रम शामली आएंगे।

आज दिनांक 24.09.2025 को प्रभुजी की माता जी एवं प्रभुजी के बहनोई लोकेश जी एवं प्रभुजी के भाई मोनू जी प्रभुजी को लेने अपना घर आश्रम शामली आए। प्रभुजी की माता जी ने बताया कि प्रभुजी का नाम अजय नहीं किरण है।

## अवैध टैक्सी स्टैंड की जांच को पहुंचे अधिकारी ने किए चालान

**थानाभवन।** थाना भवन नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे मार्ग पर रहने वाले पीड़ित शोएब अहमद ने एआरटीओ शामली वह नगर पंचायत को उनके प्रतिष्ठान के आगे अवैध टैक्सी स्टैंड लगे रहने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी जिसके चलते ए आरटीओ शामली रोहित राजपूत ने अपने असिस्टेंट इरशाद अली को मामले के जांच के लिए भेजा था जांच पर आए एआरटीओ असिस्टेंट इरशाद अली ने जांच के दौरान मौके पर मिले रास्ते से घूमते पांच जाति सूचक शब्द लिखे वाहनों का चालान कर दिया। वही धुंधली प्लेट होने पर पांच वाहनों, ओवरलोड में 10 वाहनों व बिना परमिट अवैध रूप से टैक्सी में चल रहे एक वाहन का चलन करते हुए लगभग तीन लाख का जुर्माना लगाया। इस दौरान असिस्टेंट एआरटीओ ने बताया कि अवैध टैक्सी स्टैंड की जांच में पाया गया है कि मुख्य मार्ग पर बेतहाशा कार आदि खड़ी है जो टैक्सी में चल रही है। जबकि उनके पास किसी भी प्रकार का टैक्सी का परमिट नहीं है। इन लोगों ने मुख्य बस स्टैंड दिल्ली सहारनपुर मुख्य मार्ग को अवैध टैक्सी स्टैंड बना लिया है। मामले की जांच रिपोर्ट एआरटीओ शामली को दी जाएगी। उधर एआरटीओ शामली रोहित राजपूत ने बताया टैक्सी स्टैंड को लेकर शिकायत आई थी जिसकी जांच के लिए अधिकारी को भेजा गया है।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई दोनों पक्षों में जमकर लाठी -डंडे व धारदार हथियार चले दोनों पक्षों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी सुखबीर और महिपाल के बीच काफी दिनों से रंजिश चली आ रही है। दोनों पक्षों के लोग कई बार एक दूसरे के आमने-सामने आ चुके हैं जिसका सामाजिक लोगों के द्वारा कई बार फैसला भी कराया जा चुका है। आरा. ेप है कि बुधवार को मैनपाल अपने भतीजे आसू पुत्र सुखबीर के साथ अपने पशु लेकर तालाब की ओर जा रहा था आरोप है कि तभी महिपाल पक्ष के लोगों ने पकडकर उनके साथ लाठी डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट करनी शुरू कर दी। झगड़े की सूचना मिलने पर दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर आ गए दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान एक पक्ष से आशु,मैनपाल व दूसरे पक्ष महिपाल पुत्र अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दूसरी और गांव खंद्रावली निवासी धीर सिंह ने अपने पड़ोस के कई लोगों पर शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस के विशेष अभियान में फंसे दो मादक पदार्थ तस्कर

**कांधला।** पुलिस ने विशेष अभियान के अंतर्गत दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार किए हैं, पुलिस ने पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 650 ग्राम चरस बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। डीआइजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने पुलिस को नशे के अंधकार से उजाले की ओर ऑपरेशन सवेरा अभियान चलाकर नशा तस्करों को पकड़ने के निर्देश दे रखे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित गांव गढ़ी दौलत मार्ग पर दो मादक पदार्थ तस्कर चलते फिरते लोगों को मादक पदार्थ बेच रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर उपनिरक्षक नरेंद्र वर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी करते हुए दो युवक पकड़ लिए। पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से 650 ग्राम बरामद हुई हैं।दोनों ने अपने नाम इनाम एवं दूसरे ने जावेद नई बस्ती सलेमपुर मार्ग कांधला बताया। बुधवार को पुलिस ने अभियोग दर्ज करते हुए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

## जमीनी रंजिश में मारपीट

**कांधला।** गंगेरू निवासी एहसान ने बताया कि उनके परिवार के ही ताहिर पुत्र असगर से जमीनी विवाद चल रहा है जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि विगत मंगलवार को ताहिर, नौशाद एवं नफीस ने पीड़ित को पकड़ लिया और डंडों से मारपीट की पीड़ित का आरोप है आरोपी नौशाद ने धमकी देते हुए कहा कि जमीनी विवाद में फैसला कर ले नहीं तो गोली मार देंगे। पीड़ित का आरोप है कि जब पड़ोसी युवक फारूक छुड़ाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर ताहिर, नौशाद व नफीस के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सुन्ना में जमीनी विवाद को लेकर चचेरे भाइयों में मारपीट हो गई। नूरा एवं कल्लू में जमीनी विवाद चल रहा है बुधवार को दोनों में मारपीट हुई मारपीट के दौरान नूरा का पुत्र राशिद गंभीर रूप से घायल हो गया।

# तीतरवाडा में घर में घुसकर लाठी-डंडों व चाकू से किया हमला, तीन घायल

**कैराना।** गांव तीतरवाडा में कुछ लोगो ने घर में घुसकर लाठी-डंडों, सरियों तथा चाकू से हमला बोल दिया। आरोपियों के हमले में बुजुर्ग महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। हमले में घायल महिला को गम्भीर हालत के चलते मेरठ के लिए रेफर किया गया है। पीड़ित पक्ष ने पिता-पुत्रों समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव तीतरवाडा निवासी सोमपाल ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि विगत मंगलवार रात्रि करीब साढ़े दस बजे गांव के ही मोहित नामक युवक ने घर के बाहर आकर उसे आवाज लगाई तथा अपनी बाइक देने को कहा। वह बाइक देने के लिए घर से बाहर आ गया। इसी दौरान वहां पर लाठी-डंडों, सरियों व चाकू से लैस होकर खड़े पंकज, जश्वीर, मनीष, मोहित, संदीप व राजू ने उसके साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसके घर में घुस आए तथा घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने घर में मौजूद उसकी भाभी शर्मिष्ठा व मां महेन्द्री पर लाठी-डंडों व सरियों से प्रहार किए तथा उसके ऊपर चाकू से वार किया। आरोपियों के हमले में उसकी भाभी शर्मिष्ठा का सिर फट गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। जबकि उसे तथा उसकी मां महेन्द्री को भी काफी चोट पहुंची है। मामले की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिस पर क्षेत्र में तैनात पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकलद्धपीआरवीऋ पर कार्यरत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने हमले में घायल हुए लोगो को उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल शर्मिष्ठा को उपचार हेतु हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। शर्मिष्ठा का मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां पर उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## लापता वृद्ध का शव मिला

**शेरकोट।** खो नदी से एक वृद्ध का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त गांव रामठेरा थाना धामपुर निवासी महिपाल पुत्र रघुनाथ सिंह (60 वर्ष) के रूप में हुई है। महिपाल सोमवार सुबह खेत पर जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। नदी के उनका शव मिला।

# देर रात हुई पुलिस-बदमाशों में मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के ऊन रोड पर देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

ऊन रोड पर पुलिस तथा बदमाशों में मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश और जिलाबदर अपराधी चमन पुत्र थानू डेरा निवासी ग्राम सींगरा गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश को पुलिस ने सीएचसी ऊन में भर्ती कराया।

पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद की है।



सीओ कैराना श्याम सिंह ने बताया कि बदमाश चमन पर एनडीपीएस एक्ट, लूट, चोरी और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। वहीं फरार बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मुठभेड़ के दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कैराना जनपद-शामली।

पत्रांक: 504(1)/E-T/2025-26 दिनांक: 24.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त शासकीय कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मस/सेवाप्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, कैराना द्वारा 15वां वित्त आयोग/पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना/राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य/विकास कार्य सम्पादित कराना चाहती है। रजिस्टर्ड ठेकेदारों/फमर्स/सेवाप्रदाता से निविदाएं दिनांक 26.09.2025 से 10.10.2025 समय दोपहर 2:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.10.2025 दोपहर 2:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इन्हें डाउनलोड कर देखा जा सकता है तथा सभी निविदादाता दिनांक 10.10.2025 दोपहर 2:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | 504/E-T/2025-26 |
| Publish and Time for R.E.F | 26.9.2025 को सांय 5:00 बजे |
| Last Date and Time for Submission of E-Tender | 10.10.2025 को दोपहर 2:00 बजे |
| Date and Time of Opening E-Tender | 10.10.2025 को अपराहन 3:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Executive officer, Office Nagar Palika Parishad Kairana (Shamli) |
| E-Tender security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document Processing | as per tender list |

नोट-धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कैराना के पदनाम से बंधक होगी एवं निविदा प्रपत्र धनराशि नगरपालिका परिषद् कैराना के शाखा कैराना में केवल आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से ही स्वीकृत की जाएगी। अन्य किसी भी रूप में जमानत धनराशि/निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने पूर्व सभी नियम व शर्तों का भली-भांती अध्ययन कर लें। किसी भी त्रुटि के लिए नगरपालिका परिषद् कैराना जिम्मेदार नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद कैराना, जनपद शामली**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र उमैर खान UMAIR KHAN का जन्म 11.10.2021 को हुआ था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम SHAMIULLA KHAN दर्ज हो गया, जो गलत है। सही नाम SHAMIULLA (शमीउल्ला) है, मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**शमीउल्ला पुत्र नियामतुल्ला निवासी-मोहल्ला दरबारकलां 1, तहसील कैराना जिला शामली**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री इलमा का जन्म 01.01. 2023 को हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम SHAMIULLA KHAN दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि सही नाम SHAMIULLA (शमीउल्ला) है, मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**शमीउल्ला पुत्र नियामतुल्ला निवासी-मोहल्ला दरबारकलां 1, तहसील कैराना जिला शामली**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री जेबा का जन्म 19.01.2000 को हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम SHAMIULLA KHAN दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि सही नाम SHAMIULLA (शमीउल्ला) है, मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**शमीउल्ला पुत्र नियामतुल्ला निवासी-मोहल्ला दरबारकलां 1, तहसील कैराना जिला शामली**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री वाईजा का जन्म 28.06. 2005 को हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम SHAMIULLA KHAN दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि सही नाम SHAMIULLA (शमीउल्ला) है, मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**शमीउल्ला पुत्र नियामतुल्ला निवासी-मोहल्ला दरबारकलां 1, तहसील कैराना जिला शामली**

# धर्मिक कार्यक्रम में दर्जनों महिलाओं के गले से चेन गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के कमला कालोनी स्थित एक उद्योगपति के मकान में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में करीब आधा दर्जन महिलाओं के गले से सोने की चैन लूट ली गई। धार्मिक कार्यक्रम में जिलेभर के आला अधिकारियों सहित भाजपा के बडे बडे नेताओं ने शिरकत की थी। महिलाओं के लगे से सोने की चौन गायब मिलने की सूचना के बाद पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। उद्योगपति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। वही पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर एक महिला को हिरासत में लिया है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कमला कालोनी निवासी उद्योगपति अनुज गर्ग ने अपने मकान पर एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें जिलेभर के बडे बडे उद्योगपति, आला अधिकारी, व बडे बडे नेताओं को आमंत्रित किया था, लेकिन कार्यक्रम में उस समय भंग पड गया जब एक के बाद एक महिला ने अपने गले से सोने की चौन गायब होने की जानकारी दी। जिसके बाद कार्यक्रम में अफरा तफरी मच गई। महिलाओं के गले से सोने की चौन गायब होने की सूचना के बाद आला अधिकारी से कार्यक्रम से चले गए, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य व कोतवाली प्रभारी वीरेन्द्र कसाना मौके पर पहुंचे और पूछताछ शुरू की। जिसमें कई महिलाओं ने गले से सोने की चौन गायब होने की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी और मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर एक महिला को संदिग्ध मानते हुए हिरासत में लिया गया। बताया जाता है कि उक्त महिला की निशानदेही पर एक सोने का लौकेट भी पुलिस ने बरामद किया गया। उद्योगपति अनुज गर्ग पुत्र निवास गर्ग ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रीचा गर्ग, कृष्णा, सुमन, सुमित्रा, संतोष के आभूषण चोरी होने की शिकायत की है। पुलिस ने मुक. दमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला समन्वय बैठक, विजयदशमी पर्व की तैयारियों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सूरजकुंड मंदिर प्रांगण में महिला समन्वय की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य महिलाओं को आपस में जुड़कर समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाना रहा। इस दौरान विजयदशमी पर्व पर होने वाले पद संचलन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। गणवेश तैयार कराने पर जोर दिया गया ताकि संघ का कार्य घर-घर तक पहुंच सके। बैठक में कांधला खंड के जिन स्थानों पर पद संचलन आयोजित होगा, वहां सहयोग दिया जाएगा। इसके साथ ही भाइयों की कई शाखाएं संचालित होने के चलते बहनों की शाखा चलाने पर भी विचार हुआ। वहीं, नए सिलाई केंद्र और संस्कार केंद्र खोलने की रूपरेखा भी बनाई गई।महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव और महिलाओं से होकर गुजरता है।

# राम वनवास लीला का भव्य मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम परिसर में आयोजित 56वें रामलीला महोत्सव के अंतर्गत सोमवार की शाम राम वनवास लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला के दृश्य देखकर उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामल. ीला मंचन में राजा दशरथ की भूमिका रवि पाठक ने निभाई, जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया। रानी कैकेई की भूमिका आशु निर्वाल ने निभाई, जिनके अभिनय ने दशरथ और राम के बीच उत्पन्न हुए द्वंद्व को जीवंत कर दिया। भगवान राम की भूमिका आकाश धीमान ने निभाई, जिन्होंने अपनी मर्यादा और गंभीर भाव-भंगिमा से सभी का मन मोह लिया। वनवास प्रसंग के दौरान जब राम, लक्ष्मण और सीता वन की ओर प्रस्थान करते दिखाए गए, तो पूरा पंडाल ॒जय रामॗ के नारों से गूंज उठा। दर्शकों ने मंचन को अत्यंत भावनात्मक और प्रभावशाली बताया। मंदिर समिति ने बताया कि रामलीला महोत्सव का आयोजन पिछले 56 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जो नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, उपेंद्र द्विवेदी, पं. दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, संदीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, आशु निर्वाल, आशीष निर्वाल, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, निशांत पाठक, उज्जवल नामदेव, दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या के आरोपी पति व जेठ को पुलिस ने भेजा जेल



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में लगभग 12 दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक महिला के भाई की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज करते हुए पति सहित जेठ को गिरफ्तार करते हुए चुन्नी बरा. मदकर जेल भेज दिया है। कस्बा झिंझाना निवासी मोहसिन ने बताया था कि उसने अपनी बहन की शादी 16 नवंबर 2017 को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ की थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पति सहित जेठ व जेठानी अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए परेशान करते थे। पीड़ित का आरोप है कि उसके बहनोई जावेद के अपनी भाभी लड्डो के साथ अवैध संबंध हो गए थे उसकी बहन ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। विरोध करने पर आरोपी पति जेठ उमैद, जेठानी लड्डो ने मिलकर फांसी लगाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था और पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति जेठ उमैद को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चुन्नी बरामदकर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार महिला की तलाश में जुटी हुई है।

# किताबों की जगह बच्चों के हाथों में झाडू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और कॉपियां होनी चाहिए, उस उम्र में वे मजदूरी करने को मजबूर हैं। सरकार जहां करोड़ों रूपए खर्च कर ष्सब पढ़ो, सब बढ़ोष का नारा देती है और शिक्षा अभियान चलाती है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। वेदखेड़ी-मंसूरा मार्ग पर ग्रामुक्त सड़क बनाने के काम के दौरान मासूम बच्चों के हाथों में किताब नहीं बल्कि झाड़ू देखी गई। सड़क निर्माण स्थल पर दो छोटे बच्चे मजदूरी करते नजर आए। उनके मासूम हाथों में कलम की जगह झाड़ू थमा दी गई, जिससे उनका बचपन खोता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, जिसके चलते माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय मजदूरी पर लगा रहे हैं। यह .श्य देखकर हर किसी का दिल पसीज गया और सवाल उठने लगे कि आखिर कब तक मासूम बचपन मजदूरी की भेंट चढ़ता रहेगा। शासन और प्रशासन की तमाम योजनाओं के बावजूद शिक्षा से वंचित ए बच्चे समाज के भविष्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि हालात ऐसे ही रहे तो ष्सब पढ़ो, सब बढ़ोष का नारा केवल काग.



जों में ही सिमट कर रह जाएगा।

### प्रशासन और श्रम विभाग की लापरवाही

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह खुलेआम बाल श्रम होना प्रशासन और श्रम विभाग की सीधी लापरवाही को दर्शाता है। जब प्रदेश में बाल श्रम कानून लागू है और इसकी रोकथाम के लिए अधिकारी जिम्मेदार हैं, तब सड़कों पर मासूम बच्चों से काम कराना सरकारी दावों की पोल खोलता है। शिक्षा विभाग, श्रम विभाग और प्रशासन की चुप्पी यह साबित करती है कि योजनाएं केवल कागजों पर हैं, हकीकत में इनका कोई असर नहीं है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूल में दाखिला दिलाया जाए, ताकि उनका भविष्य अंधकार से निकलकर शिक्षा की रोशनी में निखर सके। सवाल यह है कि क्या सरकार और प्रशासन इन मासूम बच्चों को उनका हक दिला पाएंगे या फिर यह नजारा इसी तरह शिक्षा अभियान की पोल खोलता रहेगा?

## कांग्रेसी नेता शेख अंजार को किया नजरबंद

**नगीना।** गुलदार के हमले से पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। पुलिस ने नगीना के कई कांग्रेस नेताओं को उनके घरों में ही रोक दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे शांतिपूर्वक पीड़ित परिवारों से मिलना चाहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गुलदारों को पकड़ने में विफल रही है।

# कूड़ा डालने की जगह को लेकर हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव झाल निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर ग्रामीणों को कूडा डालने की जगह उपलब्ध न कराने से हो रही परेशानियों का समाधान कराने की मांग की है।

बुधवार को क्षेत्र के गांव झाल निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव झाल में चार मौहल्ले गडरिया, वाल्मीकि, हरिजन, व मुस्लिम के लोगों को कूडा के डालने की समुचित व्यावस्था न होने से गली के बाहर कूडा डालना पड रहा है। जिससे गंदगी फैल रही है और बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होने बताया कि जहां कूडा डालने की जगह थी वहा सामुदायिक शौचालय का निर्माण कर दिया गया है। जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने गांव में कूडा डालने की जगह दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर रमेश, वीरसैन, राजेन्द्र, ईश्वर, अरविन्द्र, जोगीदास, देवी सिंह, सतपाल, संतकुमार, सचिन, जोनी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### जनपद स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना का लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना ने बालक वर्ग की जनपद स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर कस्बे का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार मित्तल और प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना, द्वितीय स्थान जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज झिंझाना तथा तृतीय स्थान सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार मित्तल और प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने विजेता टीमों को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। खो खो प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इनमें जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज झिंझाना, सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली, मुरली मनोहर इंटर कॉलेज इस्सोपुर टील तथा जनता इंटर कॉलेज बाबरी और मेजबान राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना की टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम में फूल कुमार, विपिन, संजीव, प्रविन्दर, संदीप, विकास, बिट्टू एवं कोच उस्मान अली मौजूद रहे। विजेता तीनों टीमें जनपद शामली का प्रतिनिधित्व करते हुए मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगी।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुषों ने दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को शहर के आरके पीजी कालेज में पुरुष वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के खिलाडियों ने बढचढकर हिस्सा लिया। बुधवार को शहर के आरके पीजी कालेज में पुरूष वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रोफेसर मनमोहन कृष्ण जैली द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 12 छात्रों ने प्रतिभा किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में आरव ने स्वर्ण पदक, हर्ष ने रजत पदक और समीर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कीड़ा समिति के सदस्य डॉक्टर दर्शना सिंह, डा। गायत्री त्रिपाठी, क्रीड़ा समिति सचिव डा। प्रवीण अहमद ने प्रतियोगिता का संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का जीवन में बडा महत्व है। खेलों में छात्र-छात्राओं को जरूर प्रतिभाग करना चाहिए। इससे उनकी अंदर छिपी प्रतिभा भी निकलकर सामने आती है। कार्यक्रम का समापन डॉ सौरव कुमार पांडे द्वारा किया गया।

### लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून द्वारा लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द संगल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन सचिन प्रताप ने विद्यार्थियों को विभिन्न मानकों के महत्व, उनकी भूमिका एवं दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो का मुख्य कार्य वस्तुओं, सेवाओं और प्रणालियों की गुणवत्ता की जांच कर उन्हें हॉलमार्क प्रदान करना है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए। उन्होने विद्यार्थियों को बीआईएस। केयर ऐप के बारे में भी बताया, जिसके माध्यम से किसी भी उत्पाद की जांच कर असली और नकली वस्तुओं की पहचान की जा सकती है। कार्यशाला के दौरान क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अर्पित गर्ग और दिव्या गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1000, तैय्यबा जैदी और प्रणिका वत्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 750, जबकि शिवम मेड़वाल और दृष्टि सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 500 का नगद पुरस्कार जीता। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पेन और नोटपैड भेंट किए गए।

# जन्म-मृत्यु का सिलसिला अनादि काल से जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने जीवन और मृत्यु के रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संसार जन्म और मरण का चक्र को समस्त दु:खों का मूल कारण बताते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु का यह सिलसिला अनादि काल से चला आ रहा है। लोग जन्म पर खुशियां मनाते हैं और मृत्यु पर शोक करते हैं, जबकि वास्तव में जन्म ही दुखों का कारण है।





मुनिराज ने जीवन की वास्तविकता समझाते हुए कहा कि शैशवावस्था से लेकर बुढ़ापे तक मनुष्य हर अवस्था में दु:खों से घिरा रहता है। उन्होंने बताया कि बच्चे को हजारों साल जीने की दुआ दी जाती है, लेकिन बुढ़ापे में वही संतान माता-पिता के मरण की इच्छा करने लगती है। आध्यात्मिक उन्नति के आधार पर मुनिराज ने मृत्यु को चार प्रकारों में विभाजित किया। बाल-मरण वह मृत्यु जिसमें व्यक्ति को सम्यक दर्शन की प्राप्ति नहीं हुई हो।

चाहे उसकी उम्र 80 वर्ष ही क्यों न हो, अध्यात्म की .ष्टि से वह 'बालक' ही माना जाता है। ऐसी मृत्यु शोक का विषय होती है। कहा कि बाल-पंडित-मरण जब व्यक्ति सम्यक दर्शन पाकर आंशिक व्रतों का पालन करता है। इसे आध्यात्मिक प्रगति की शुरुआत माना गया है। जिन मुनिराजों का ज्ञान और आचरण समान होता है, उनकी मृत्यु 'पंडित-मरण' कहलाती है।

मुनिराज ने कहा कि 8 वर्ष की आयु से ही बच्चा अध्यात्म समझ सकता है और दीक्षा ले सकता है। केवल ज्ञान होना पर्याप्त नहीं, उसे आचरण में उतारना ही जीवन की सार्थकता है। प्रवचन के दौरान मुनि. राज ने एक वृद्धा दादी की कथा सुनाई, जिन्होंने जीवनभर भगवान की भक्ति की और अंत समय में समाधि प्राप्त कर सिद्धों के विमान की स्मृति के साथ शांतिपूर्वक प्राण त्यागे। इससे स्पष्ट होता है कि अंत समय में भी .ढ़ श्रद्धा और भावना से जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। मौके पर अर्चना जैन, आशी जैन, अरुण जैन, पुष्पा जैन, भूषण लाल जैन, सत्एंद्र भगत, प्रदीप जैन, रेखा जैन और अनिल जैन मौजूद रहे।

# मीना मंच कार्यक्रम विद्यालय में धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू के कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत मीना का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सचिन कुमार ने केक काटकर एवं टॉफियां वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मंच की सुगमकर्ता नीलम राणा ने संचालन करते हुए मीना के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला। मीना, बेटियों की शिक्षा और समानता का प्रतीक मानी जाती है। उनकी जीवन कथा से प्रेरणा लेकर बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के महत्व को समझाया जाता है। मीना की सोच समाज में बालिकाओं को बराबरी का हक दिलाने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों से दूर रहने की सीख देती है।इस मौके पर नरेंद्र कुमार, मोहम्मद ताहिर, संजीत कुमार, नीलम तोमर, मिंटो, शशि, अंतू, ममता, निशा मलिक, प्रिया जैन, रेनू, जसवीर सिंह सहित स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने दी जीएसटी दरों में छूट की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका सभागार में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में दी गई छूट और बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सुधार से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी, बल्कि किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और स्वास्थ्य क्षेत्र को भी सीधा लाभ होगा।



प्रभारी मंत्री ने बताया कि सरकार ने पुरानी चार-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था को हटाकर अब केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दरें रखी हैं, जिससे भ्रम, कानूनी झंझट और टैक्स भरने की मुश्किलें कम होंगी। उन्होंने बताया कि दूध, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों के सामान जैसे जरूरी घरेलू उत्पाद अब केवल 5 प्रतिशत या शून्य कर दर पर उपलब्ध होंगे। इससे आम परिवारों के खर्च में कमी आएगी।

कृषि उपकरण, ट्रैक्टर, टायर और कीटनाशकों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे खेती की लागत कम होगी और ग्रामीण भारत को सीधा लाभ मिलेगा। कहा कि व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर कर घटाने से इलाज और चिकित्सा सुविधाएं आम जनता के लिए सस्ती होंगी। मंत्री ने बताया कि गाड़ियों और बाइक पर कर दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इससे वाहन खरीदने वालों को राहत मिलेगी और त्योहारी सीजन में मांग भी बढ़ेगी। कहा कि कॉपियों, पेंसिल, नक्शों और अन्य आवश्यक छात्र सामग्री पर अब कोई कर नहीं लगेगा। लग्जरी वस्तुओं पर सख्ती होगी। विलासिता की वस्तुएं जैसे पान मसाला, तंबाकू, कसीनो, यॉट और एसयूवी पर अब 40 प्रतिशत कर लगाया गया है, ताकि आम जनता पर कर का बोझ कम हो।

कहा कि व्यापार में सहूलियत के लिए सरल पंजीकरण, तेज रिफंड और रिस्क-आधारित कंप्लायंस से एमएसएमई और निर्यातकों को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री खटीक ने बताया कि दरें कम करने के बावजूद वित्त वर्ष 2025 में जीएसटी संग्रह 22।08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। अप्रैल से अगस्त 2025 के बीच ही 10।04 लाख करोड़ का संग्रह हुआ है। उन्होंने बताया कि 2017 में पंजीकृत करदाताओं की संख्या 65 लाख थी, जो अब बढ़कर 1।51 करोड़ से अधिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कर दरों में कटौती से खपत बढ़ेगी और जीडीपी में 0।2 से 0।3 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि होगी। साथ ही दो-दर संरचना लंबे समय तक व्यापार और निवेश की योजना बनाने में भरोसा बढ़ाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ॒जीवन में आसानी, व्यापार में आसानीॗ के विजन पर काम कर रही है। जीएसटी सुधारों ने किसानों को सशक्त बनाया है। इस अवसर पर सीडीओ जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, व्यापारी नेता अंकित गोयल, विशाल गुप्ता, पुनीत द्विवेदी, सलमान अहमद, घनश्याम पारचा, रोबिन गर्ग, शशि अरोरा के अलावा प्रशासनिक अधिक. ारी सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एसडीएम अर्चना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भरभराकर दीवार गिरने से मजदूर की मौत, दो घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नाला खोदाई के कार्य के दौरान भरभराकर दीवार ढ़हने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया।

मिरगपुर गांव से होकर गुजर रहे पीडब्ल्यूडी मार्ग पर पिछले करीब एक सप्ताह से नाला खोदाई का कार्य चल रहा है। बुधवार को लक्सर निवासी 28 वर्षीय उमेश कुमार अपने साथियों के साथ खोदाई का कार्य कर रहा था, इसी दौरान नौ इंच की दीवार भरभराकर गिर गई, इसमें उमेश समेत बचीटी गांव निवासी मजदूर नीटू व दुष्यंत त्यागी मलबे में दब गए। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने उन्हें बामुश्किल मलबे से बाहर निकाला, मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, मजदूरों का आरोप है कि गलत तरीके से नाले को गहरा कराया जा रहा था, जिसकी वजह से दीवार भरभराकर ढ़ह गई।

# ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्रामीणो को स्वच्छता की शपथ दिलाने के साथ चिन्हित स्थानो में चलाया सफाई अभियान।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत गोपाली में बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार ने ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी अमित नारंग ने ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद गांव के चिन्हित स्थलों की ग्रामीणों के सहयोग से सफाई कराई गई। ग्राम प्रधान नईम अहमद, सचिव सोनिया व सेवकराम आदि मौजूद रहे।

# पुलिस फोर्स ने दंगा रिहर्सल का किया अभ्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस बल ने हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, एंटी राइट गन, टियर गैस गन और पंप एक्शन गन जैसे सुरक्षा उपकरणों के साथ पुलिस फोर्स ने विशेष दंगा नियंत्रण रिहर्सल अभ्यास किया। यह कदम असामाजिक गति. विधियों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से उठाया गया।

स्थानीय पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण के लिए मध्यरात्रि व्यापक रिहर्सल पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह की अगुवाई में पुलिस एवं पीएसी के जवानों ने सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ दंगा नियंत्रण अभ्यास किया। इसके तहत जवान खानकाह पुलिस चौकी से दारुल उलूम चौक और सरसटा बाजार समेत विभिन्न स्थानों से गुजरे, अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों को संदेश दिया कि माहौल खराब करने पर सख्ती के साथ निपटा जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने बताया कि हमारी प्राथमिकता नागरिकों के सुरक्षा है, इस रिहर्सल का उद्देश्य हर समय तैयार रहना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है। वहीं, मध्यरात्रि पुलिस फोर्स को सड़कों पर उतरा देख लोगों में दहशत का माहौल बन गया, हालांकि बाद में उन्हें अभ्यास की जानकारी हुई तो उन्होंने राहत की सांस ली।

## अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज अग्रसेन जयंती का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष मनुश्री अग्रवाल के निवास स्थान पर किया गया। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने बताया कि उनको डायरिया होने के कारण वह वहां नहीं पहुंच पाई। उन्होंने ऑनलाइन ही सभी प्रबंध देखा और कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्रीमती मनुश्री अग्रवाल, श्रीमती आशा अग्रवाल ने पूर्ण सहयोग किया। इस अग्रसेन जयंती में देवी की भेंटे डांडिया, अग्रसेन जी के गीत प्रतियोगिता और प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता हुई। देवी गीत प्रतियोगिता में छवि कौशल, वैशाली, नीति, शेफाली, प्रीति, आशा अग्रवाल, गौरी अग्रवाल, इन बहनों में चयन करना बहुत भारी पड़ा यद्यपि सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता में कुसुमलता अग्रवाल, शशि शर्मा, सीमा अग्रवाल, बरखा गुप्ता, मनुश्री अग्रवाल, पूनम कर्णवाल, आशा अग्रवाल इन सभी महिलाओं ने प्रश्नों के सही उत्तर देने पर सभी को सम्मानित किया गया।

# चेकिंग के दौरान वाहनों पर से हटवाए जातीगत स्लोगन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान वाहनो पर लिखे जातीगत स्लोग्न हटवाने के साथ ही भविष्य में जातीगत स्लोग्न न लिखने की चेतावनी दी।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बुधवार को स्थानीय पुलिस ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों पर लिखे गए जातिगत स्लोग्न हटाए गए और भविष्य में स्लोगन लिखे पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने और समाज में समानता को बढ़ाना देने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने नगर में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों पर लिखे गए जातिगत स्लोग्न को हटवाया। पुलिस का कहना है कि न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि कोई भी व्यक्ति अपने वाहनों पर जाति का नाम, बोर्ड या पंपलेट न लगवाए, चेकिंग के दौरान पुलिस ने लोगों को इस संबंध में जागरुक भी किया।

# कलाकारों ने भरत मिलाप, अनुसूइया उपदेश व पंचवटी प्रस्थान लीला का किया मंचन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने भरत मिलाप, अनुसूइया उपदेश और पंचवटी प्रस्थान लीला का मनोहरी मंचन किया।

रामलीला भवन के रंगमंच पर कलाकारों ने दिखाया कि भरत अपनी माताओ व गुरु वशिष्ठ के साथ राम से भेंट करने के लिए चित्रकूट जाते हैं। वह राम से अयोध्या वापस लौटने का आग्रह करते है, परंतु राम उनका आग्रह टाल देते हैं। अंत में भरत राम की खड़ाऊ मांग लाते हैं जिन्हें सिंहासन पर रखकर राम के वनवास से लौटने तक राज्य चलाते हुए संयासी जैसा जीवन बिताते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, विजेश कंसल, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी मौजूद रहे। वहीं, रेलवे रोड पर श्री राम जानकी लीला समिति की रामलीला में कैकई कोपभवन, श्री राम वन गमन और दशरथ मरण की लीला का मंचन हुआ। सचिन छाबड़ा, आनंद वर्मा, अभिनय गोयल, अभिषेक राठी, गौरव प्रभाकर व अंशुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मां का लिया आशीर्वाद

**देवबन्द।** शारदीय नवरात्र के तीसरें दिन मां जगदंबा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में नवरात्र के तीसरें दिन श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर मन्नतें मांगी। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. सतेंद्र शर्मा ने बताया मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सदा फलदायी है। मां भक्तों के कष्ट का निवारण शीघ्र ही कर देती हैं। इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

# खिलाड़ियों ने दिखाई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कॉलेज में तहसील स्तरीय बालक वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विद्यालयों के खिलाडियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। सर्वोच्च स्थान पाने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

एचएवी इंटर कॉलेज प्रागण में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन विद्यालय प्रबंध समिति के उप प्रबंधक संजीव त्यागी, सदस्य जगदेश्वर त्यागी, प्रधानाचार्य हेम सिंह और खेल प्रशिक्षक विजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़ के अलावा लम्बी कूद, ऊंची कूद आदि में छात्रों ने बढ़ चढकर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। शिवओम त्यागी, अमित कुमार, अभिषेक सैनी, मनोज शर्मा, प्रमोद पांडे, पंकज शर्मा, रविंद्र चौधरी, अमरीश त्यागी, सुख सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

# लाइसेन्सिंग शुल्क दरों में वृद्धि को दी मंजूरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लाइसेन्सिंग शुल्क दरों में बढ़ौतरी पर चर्चा कर गठित सभासदों की कमेटी ने लाईसेंसिंग शुल्क की दरों में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। अब नई दरें लागू होने के बाद होटल, प्राइवेट अस्पताल, पैथोलॉजी सेंटर, ऑटो रिक्शा, ठेला/ठेली, ट्राली, मांस की दुकानें, खाद्य पदार्थ की दुकानें आदि करने वालों पर इसका बोझ पड़ेगा।

पालिका की बोर्ड बैठक में बीती 4 सितम्बर को शासन द्वारा निर्गत शासनादेश में निर्धारित की गयी 39 मदो की लाइसेन्सिंग शुल्क की दरों में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव रखा गया था। सर्वसम्मति न बनने पर सभासद मनोज सिंघल की अध्यक्षता में सात सभासदों की कमेटी का गठन किया गया था। इसी संबंध में बुधवार दोपहर पालिका सभागार में समिति की बैठक का आयोजन हुआ। काफी देर गहनता से विचार विमर्श करने के बाद समिति ने सर्वसम्मति से लाइसेंस शुल्क दरों को नगर देवबंद में लागू किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। कमेटी ने कहा कि नई दरें लागू होने से नगर पालिका की आय में वृद्धि होगी और नगर पालिका को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। जिनके लाईसेंसिंग शुल्क की दरों में वृद्धि होगी उनमें होटल, नर्सिंग होम, प्रसूति गृह, प्राइवेट अस्पताल, पैथोलॉजी सेंटर, ऑटो रिक्शा, मिनी बस, बस, तांगा, ठेला/ठेली, ट्राली, फाइनेंस कम्पनी, आइस फैक्ट्री, मांस की दुकानें, पशुपालन, खाद्य पदार्थ की दुकानें, लाइसेंस रजिस्टर्ड बिल्डर, लाइसेंस घोड़ा बोग्गी, आरा मशीन, लाउडस्पीकर आदि शामिल हैं। बैठक में कमेटी सदस्य मनोज सिंघल, शाहिद हसन, सुधा गांधी, रविंद्र चौधरी, विपिन त्यागी, डा. मोहम्मद वाजिद, इकबाल अंसारी के अलावा पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, कर अधीक्षक चंद्रिका प्रसाद, मुख्य लिपिक मोहम्मद अकबर, लाइसेंस लिपिक अहमद गजाली आदि मौजूद रहे।

# जनता के सुझाव वार्डों में पोर्टल पर कराए अपलोड






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में वार्डो में पोर्टल पर जनता के सुझाव कराये अपलोड।

विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आपका सुझाव लाएगा बदलाव कार्यक्रम के तहत पांच वार्डो में पोर्टल पर जनता के सुझाव अपलोड कराए जाने के साथ ही स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रंगोली का आयोजन किया गया। **वहीं,** पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग के कार्यालय पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आपका सुझाव लायेगा बदलाव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, सफाई निरीक्षक पॉपीन कुमार, डीपीएम उत्तम सिंह, सभासद कुलदीप सैनी, श्रीमती सुधा अजय गांधी, श्रीमती महकश्याम चौहान, स्वास्थ्य लिपिक बिरला सूद आदि एवं राजकिय महाविद्यालय के रंगोली कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, प्राचार्य डा. अतुल शर्मा, प्रोफेसर गौरव बालियां, प्रोफेसर राकेश कुमार, प्रोफेसर आरिफ, प्रोफेसर विनीत, हिंदी प्रोफेसर डॉ कुसुम लता, डॉक्टर टीना, एनएसएस प्रभारी डॉ शाह नजर, विकास चौधरी, कार्यालय अधीक्षक विश्वास कुमार, लिपिक लोकेश शर्मा, प्रमोद कुमार राजीव कुमार मोनू, रवि कुमार, सफाई नायक नरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# गुनियापुर में किसान गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** नवगठित एम पैक्स समिति गुनियापुर में आयोजित किसान गोष्ठी में समिति के अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान समिति की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के सभापति चौधरी दिनेश कुमार ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एम पैक्स समितियों से किसानों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सन् 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। एम पैक्स समितियों का कार्य क्षेत्र बड़ा हुआ है, जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा रहा है। एम पैक्स समितियों द्वारा किसानों को खाद और बीज के वितरण के अतिरिक्त बेहद कम दर पर ऋण का लाभ दिया जा रहा है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में बस्ता प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध सरस्वती विद्या मंदिर नगीना में बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

शिशु वर्ग में कक्षा अरूण के भैया आरब कुमार, युवराज राजपूत एवं पुनीत सूर्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, उदय कक्षा में भैय्या अक्षु, कुणाल एवं काव्यांश, युग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रभात कक्षा में बहिन प्रीतिका, भैय्या अंश एवं बहिन तान्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा प्रथम में भैय्या दिव्य राजपूत, बहिन आरोही एवं भैय्या अभ्यम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वितीय में भैय्या हृदयांश कुमार, हार्दिक एवं बहिन पीहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा त्रतिय की बहिन आरोही, ईशानी एवं भैय्या नैतिक जोशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा चतुर्थ में बहिन दिशा, कुंजिका एवं भैया लक्ष्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा पंचम में भैय्या मृदुल भारद्वाज, बहिन विधि चौहान एवं भैय्या विराट सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, बाल वर्ग में कक्षा शष्ठ की बहिन वंशिका, वेदिका एवं भैय्या प्रशांत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा सप्तम में भैय्या आयुष, बहिन पलक चौधरी एवं आयुषी गौतम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा अष्टम में भैय्या विनायक प्रजापति, मोहित एवं विराज मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, किशोर वर्ग कक्षा नवम में बहिन आँचल चौधरी, भैय्या पराग चौहान एवं जुगनेश्वर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व त्रतिय स्थान, कक्षा दशम में बहिन भूमिका, आक्रति विश्नोई एवं संस्कृति सैनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, तरुण वर्ग में कक्षा एकादश में बहिन प्रिया सैनी, दृप्ति चाहर एवं छवि चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा द्वादश में बहिन नैना चौहान, कल्पना एवं आयुषी राजपूत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि **प्राचीन शिव मंदिर कौरवा समिति, प्राचीन शिव मंदिर, ग्राम कौरवा, तहसील देवबन्द जिला-सहारनपुर** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हैं। उक्त समिति की प्रबंध समिति में निम्न पदाधिकारी/ सदस्य हैं:- 1. श्री सुशील कुमार अध्यक्ष 2. श्री जयदीप उपाध्यक्ष 3. श्री साकेश सचिव 4. श्री कुलबीर सिंह कोषाध्यक्ष 5. श्री शिव कुमार सदस्य 6. श्री प्रमोद सदस्य 7. श्री धर्मपाल गिरी सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गए हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत **मंदिर** के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनो के अंदर अपनी आपत्ति प्रमाणो सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मंदिर के पंजीकरण के सम्बंध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाएगी। विदित हो की उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3(1) के परन्तुक के अंतर्गत जारी की रही हैं।

आज्ञा से
सहायक रजिस्ट्रार,
फर्म्स, सोसायटीज तथा चिट्स
सहारनपुर

**जनता इण्टर कॉलेज, नागल (सहारनपुर)**

**पंचवर्षीय प्रबन्ध समिति निर्वाचन अधिसूचना**

जनता इन्टर कॉलेज नागल, सहारनपुर की साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की पंचवर्षीय प्रबन्ध समिति का चुनाव निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न होगा। पद जिनके लिए चुनाव होना है। 1. अध्यक्ष 01 2. उपाध्यक्ष 01 3. प्रबन्धक 01 4. उप प्रबन्धक 01 5. कोषाध्यक्ष 01 6. सदस्य 07

**निर्वाचन कार्यक्रम**

| क्र.सं. | दिनांक व दिन | कार्यक्रम | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 03.10.2025 शुक्रवार | मतदाता सूची का प्रकाशन | प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 02:00 बजे तक |
| 2 | 04.10.2025 शनिवार | मतदाता सूची पर आपत्तियां तथा निस्तारण | प्रातः 10:00 से अपराहन 02:00 बजे तक |
| 3 | 04.10.2025 शनिवार | अंतिम सूची का प्रकाशन | अपराहन 02:00 बजे |
| 4 | 08.10.2025 बुधवार | नामांकन | प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 5 | 08.10.2025 बुधवार | नामांकन पत्रों की जाँच एवं आपत्तियां | अपराहन 02:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| 6 | 09.10.2025 बृहस्पतिवार | नाम वापसी | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक |
| 7 | 09.10.2025 बृहस्पतिवार | चुनाव चिन्ह का आवंटन | अपराहन 02:00 बजे से 03:00 बजे तक |
| 8 | 25.10.2025 शनिवार | मतदान | प्रातः 08:00 बजे से 03:00 बजे तक दिन |
| 9 | 25.10.2025 शनिवार | मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | मतदान के तत्काल बाद |

-: **आवश्यक निर्देश** :- 1. निर्वाचन कार्यक्रम में वही सदस्य भाग ले सकेंगे जिसके पास भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र हो। 2. प्रबन्ध समिति निर्वाचन की समस्त कार्यवाही विद्यालय भवन में ही सम्पन्न होगी।

**दीपक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य (चुनाव अधिकारी)**
**प्रबन्ध समिति जनता इन्टर कॉलेज नागल, सहारनपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट नम्बर C1410777 में मेरा नाम **अकरम (AKRAM)** दर्ज हो गया है जबकि समस्त कागजात में मेरा नाम **मोहम्मद अकरम (MOHMMAD AKRAM)** है। **मोहम्मद अकरम (MOHAMMAD AKRAM)** पुत्र इस्लाम, निवासी: ग्राम थीतकी पोस्ट सांपला खत्री थाना व तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर। मोबाईल नम्बर 8218179489.

**सूचना**

मैने अपना नाम Mohammad RASHIDULLAH से बदल कर MOHD RASHIDULLAH कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

MOHD RASHIDULLAH
S/O SHOKAT ALI,
मकान न० 818 BADI KHANKAH, DEOBAND
SAHARANPUR

**सम्बंध विच्छेद**

हमारा पुत्र कलीम और पुत्रवध इमराना हमारे कहने सुनने में नहीं है। हम इनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे अपने समस्त सम्बध विच्छेद करते है। भविष्य में इनके किसी कृत्य और लेनदेन के हम या परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मोबीन पुत्र यासीन,
संजीदा पत्नी मोबीन
मोहल्ला पठाननपुरा देवबंद,
सहारनपुर।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरी पुत्री निकिता मेरे कहने व सुनने में नहीं हैं हमारी मर्जी के खिलाफ अपनी शादी करली हैं। उसकी हरकतो से दुखी होकर मैंने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

श्याम कुमार पुत्र मेहरचन्द
निवासी ग्राम नगलीनूर
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

**कार्यालयः- ग्राम पंचायत फतेहपुर ढोला, वि०ख० गंगोह**

पत्रांकः- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 — दिनांक- 15.09.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचनाः-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फतेहपुर ढोला, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 15.09.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.09.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी फतेहपुर ढोला के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 23.09.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी.एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किरत प्रकाश के खेत से ओमप्रकाश के खेत तक मिट्टी कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 185000 | 3700 | 300 | 3 माह |
| 2. | उच्च प्राईमरी विद्यालय मर्ज में टाईलीकरण कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 359547 | 7190 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान फतेहपुर ढोला** — **ग्राम सचिव फतेहपुर ढोला**

## विश्व पैरा एथलेटिक्स-2025

# शीर्ष भारतीय एथलीटों पर रहेगी नजर

### भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा एथलेटिक्स आयोजन 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली है। इस आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पिछले एक दशक में भारत पैरा खेलों में एक उभरती हुई महाशक्ति रहा है। 2012 लंदन पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद एफ42 स्पर्धा में गिरीशा एन गौड़ा द्वारा जीते गए एकमात्र पदक से लेकर पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण सहित 29 पदक जीतने तक, देश ने पैरा खेलों में लगातार प्रगति की है। पदकों की बढ़ती संख्या पैरा खेलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और पैरा एथलीटों को प्रदान किए गए समग्र समर्थन को दर्शाती है। भारत आगामी खेलों में 73 सदस्यीय टीम उतारेगा। यहां कुछ प्रमुख भारतीय पैरा एथलीटों पर एक नजर डाली गई है जिनसे आगामी खेलों में चमकने की उम्मीद है:

1. प्रीति पाल (100 मीटर/200 मीटर टी35): प्रीति पाल पैरालंपिक ट्रैक पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित प्रीति ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में, उन्होंने क्रमशः 14:21 सेकंड और 30:01 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए, उन्हें क्लब थ्रोअर धर्मबीर सिंह के साथ आगामी खेलों में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है।

2. योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो एफ54/55/56): कथुनिया सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय पैरा एथलीटों में से एक रहे हैं। 2018 में, उन्होंने बर्लिन में आयोजित 2018 विश्व पैरा एथलेटिक्स यूरोपीय चैंपियनशिप में एफ36 श्रेणी में 45.18 मीटर तक डिस्कस थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अब तक उनका सर्वोच्च प्रदर्शन 2020 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 स्पर्धा में रहा है, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। नौ साल की उम्र में, कथुनिया को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का पता चला था, एक ऐसी स्थिति जिसने उनकी गतिशीलता को काफी प्रभावित किया।

3. नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ40/41): हरियाणा के पानीपत ज़िले के रहने वाले नवदीप बौनेपन से पीड़ित थे, जो हड्डियों के विकास को प्रभावित करने वाले एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण होता है। अपने पहलवान पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, वह एक पहलवान बने और हरियाणा में एक आयु वर्ग स्तर की राज्य चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। हालांकि, 2016 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में नीरज के स्वर्ण पदक का वीडियो देखने के बाद, वह भाला फेंक में आगे बढ़ने के लिए दिल्ली चले गए। उन्हें 2017 में सफलता तब मिली जब उन्होंने दुबई में एशियाई युवा पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में स्विट्जरलैंड में विश्व जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का और लोहा मनवाया। 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में उनका दिल टूट गया जब वह केवल 60 सेंटीमीटर से कांस्य पदक से चूक गए और 40.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। खेलों के बाद भारत लौटने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वादा किया।



## वैभव की आतिशी पारी से भारत-19 ने जीती सीरीज

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 70 रन की आतिशी पारी से भारत अंडर 19 ने दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को बुधवार को 51 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने 49.4 ओवर में 300 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47.2 ओवर में 249 रन पर समेट दिया।

सूर्यवंशी ने 68 गेंदों पर 70 रन में पांच चौके और छह छक्के लगाए। वैभव सूर्यवंशी के नाम अब यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्कों (41) का रिकॉर्ड बन गया है, उन्होंने उन्मुक्त चंद का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। विहान ने 74 गेंदों पर 70 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। अभिज्ञान कुंडु ने 71 रन का योगदान दिया। कुंडु ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके जवाब में जेडन ड्रेपर (107) के शतक के बावजूद 249 रन पर सिमट गई। आयुष म्हात्रे ने 27 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार

**दुबई।** आईसीसी की बुधवार को जारी टी-20 वीकली रैंकिंग में लगातार दूसरे हफ्ते भी बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में भारतीय खिलाड़ी टॉप पर बरक़रार हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर मौजूद है।

पिछले सप्ताह ही सभी चारों कैटेगरी में भारत का दबदबा बना था। ऐसा पहली बार हुआ कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया। वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बालर बने हुए हैं। बैटर अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर

● **लगातार दूसरे हफ्ते इंडिया टॉप टीम, अभिषेक बैटर, वरुण बालर्स, हार्दिक आलराउंडर्स में नंबर-1**

बरकरार हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार बैटर्स में भारत के ओपनर अभिषेक अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप स्टेज के मुकाबले में 38 और रविवार को पाकिस्तान के 74 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा, तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुच गए हैं। पाकिस्तानी बैटर साहिबजादा फरहान 31 स्थानों की छलांग लगाकर 24वें नंबर पर पहुच गए हैं। रैंकिंग में बरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी है। फिलहाल उनका रेटिंग पाइंट 747 हो गया है। वरुण ने पिछले सप्ताह ही नंबर-1 पोजीशन हासिल की थी। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के जैकब डफी हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान छह स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में वापस आ गए हैं। हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद 12 स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच हैं।

# गुकेश-प्रज्ञानंदा जीसीएल सीजन 3 ड्राफ्ट के मुख्य आकर्षण

### छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे



**मुंबई, वार्ता।** भारत के शतरंज सुपरस्टार - मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानंदा - 26 सितम्बर को मुंबई में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) सीजन 3 प्लेयर ड्राफ्ट में आकर्षण का केंद्र होंगे। लीग के तीसरे संस्करण में, जो टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल है, छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर और उभरती प्रतिभाएं शामिल होंगी। अन्य प्रमुख नामों में विश्व के दिग्गज हिकारू नाकामुरा, फैबियानो कारूआना, अलीरेज़ा फिरोज़ा, मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, चार बार की महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान और विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी शामिल हैं।

अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणी में उभरते सितारे वोलोडर मुर्ज़िन, 2024 फिडे विश्व रैपिड चैंपियन, और मार्क एंड्रिया मौरिज़ी, 2023 विश्व जूनियर चैंपियन शामिल होंगे। टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि जीसीएल सीजन 3 का ड्राफ्ट एक और रोमांचक उपलब्धि है क्योंकि हम दुनिया भर से असाधारण प्रतिभाओं को एक साथ ला रहे हैं। यह सीजन बड़ी लड़ाइयों, बड़े दांवों और शतरंज में नवाचार की एक नई लहर का वादा करता है। हर सीजन के साथ, हम न केवल टीमें बना रहे हैं। बल्कि शतरंज के भविष्य को भी निखार रहे हैं और खिलाड़ियों और उत्साही लोगों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहे हैं। ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें खिलाड़ियों को आइकॉन, पुरुष, महिला और अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत का सामना नेपाल से

**कोलंबो, वार्ता।** सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम कल रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। ब्लू कोल्ट्स ने अंतिम चार में एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ प्रवेश किया है, उन्होंने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसमें मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और पाक (3-2) के खिलाफ जीत शामिल है। मुख्य कोच बिबियानो पिछले परिणाम से विशेष रूप से खुश थे, जिसने उनके खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया निलंबित

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने आखिरकार यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को निलंबित करने का फैसला किया है। यह कदम प्रमुख बाजार में खेल के नेतृत्व और संचालन ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन लाने के प्रयासों के तहत रीसेट बटन दबाने जैसा है। मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक के बाद आईसीसी बोर्ड ने यह फ़ैसला लिया। यूएसएसी के निलंबन का असर फरवरी में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में यूएसए की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि निलंबन का विशिष्ट कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, यह आईसीसी द्वारा जुलाई में अपनी वार्षिक आम बैठक में यूएसएसी को 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' कराने और व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू करने के लिए तीन महीने का समय दिए जाने के लगभग दो महीने बाद आया है। उस समय, आईसीसी ने दोहराया था कि यूएसएसी जुलाई 2024 से सूचना पर बना रहेगा। आईसीसी बोर्ड ने यूएसएसी को यह भी चेतावनी दी थी कि वह सुधारों की प्रगति के आधार पर कोई भी उचित कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव का निधन

**चेन्नई, वार्ता।** टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव, एक अच्छे प्रशिक्षक और प्रसिद्ध मध्यस्थ के- थिरुकालाथी का कल शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। थिरुकालाथी, जिन्होंने कई खिलाड़ी तैयार किए थे, कांचीपुरम जिला शतरंज संघ के सचिव भी रहे थे और मीडिया के साथ उनका हमेशा घनिष्ठ संबंध रहा। टीएनसीए और शतरंज जगत के अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी किए हैं। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार कर यह सुनिश्चित करना है कि केवल उन एथलीटों को ही बहु-विषयक खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए विचार किया जाए, जिनके पास पदक जीतने का वास्तविक मौका है।

चयन मानदंडों में मापनीय और गैर-मापनीय दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं जो एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई इनडोर खेलों, एशियाई समुद्र तट खेलों, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेलों, राष्ट्रमंडल युवा खेलों जैसे बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के बारे में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। हालांकि ओलंपिक और ऐसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इसके दायरे में नहीं आएंगे जहां एथलीट या टीम की भागीदारी, संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित योग्यता मानकों द्वारा निर्धारित की जाती है। मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, कोई भी खिलाड़ी भारतीय दल में तभी जगह पा सकेगा जब उसने आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर आयोजित किसी अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों के छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो। यदि वह खेल या स्पर्धा पिछले एशियाई खेलों में शामिल नहीं थी, तो चयन मानदंड आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर उस खेल या स्पर्धा के लिए आयोजित सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के समान मानदंडों के आधार पर होंगे। गैर-मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, जहां आगामी एशियाई खेलों से पूर्व 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित की गई हो या विश्व रैंकिंग नियमित रूप से जारी की जाती हो, ऐसे खिलाड़ी को दल में शामिल करने पर विचार किया जाएगा जिसने पिछले 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपने भार या स्पर्धा में छठा या उससे बेहतर स्थान प्राप्त किया हो या उसकी विश्व रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 6 में शामिल हो। यदि आगामी एशियाई खेलों से पहले पिछले 12 महीनों में कोई सीनियर एशियाई चैंपियनशिप आयोजित नहीं की गई है और कोई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग नियमित रूप से प्रकाशित नहीं की गई हो तो उस स्थिति में एथलीट को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 6 में स्थान प्राप्त करना होगा। टीम खेलों (जैसे फुटबॉल, हॉकी आदि) और टीम स्पर्धाओं (जैसे रिले, युगल, मिश्रित युगल आदि) के लिए, 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम या अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा।

अगर अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रकाशित नहीं की गई है या आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं की गई है, तो उस स्थिति में टीम को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करना होगा। इस मानदंड में छूट का एक प्रावधान है जो मंत्रालय को यह अधिकृत करता है कि यदि विशिष्ट खेल अथवा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के विशेषज्ञों की राय के आधार पर उचित कारणों से निर्धारित मानदंडों में छूट में व्यक्तियों और टीमों की भागीदारी की सिफारिश की जाती है तो वह उचित निर्णय ले सकता है।

# टी-20 विश्व कप के कारण विंडीज का द. अफ्रीका दौरा छोटा होगा

● **द. अफ्रीका 27 जनवरी 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खिलाफ इस गर्मियों की अपनी एकमात्र पुरुष अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सीरीज को छोटा करना पड़ सकता है, ताकि दोनों टीमें समय पर टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत और श्रीलंका पहुंच सकें।

दक्षिण अफ्रीका 27 जनवरी से 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है, जहां पांच टी20 खेले जाने हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट किया था कि टी20 विश्व कप संभवत: 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा। अगर टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होता है, तो आईसीसी का सपोर्ट पीरियड 31 जनवरी से शुरू होगा। इस समय में टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे मेजबान देशों में पहुंचें और वैकल्पिक अभ्यास मैच खेलें। यह सपोर्ट पीरियड पहले 3 फरवरी से शुरू हो रहा था और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपने घरेलू कार्यक्रम इसी समझ के साथ बनाए थे कि दक्षिण अफ्रीका के पास विश्व कप के लिए यात्रा करने का पर्याप्त समय होगा। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि टीमें पूरा आईसीसी सपोर्ट पीरियड मेजबान देश में ही बिताएं। आईसीसी ने इस विश्व कप में भाग लेने वाले देशों से पूछा है कि वे कितने अभ्यास मैच खेलना चाहते हैं और विकल्प शून्य से लेकर दो मैच तक का है। जब कोई देश दो अभ्यास मैच चुनता है, तो उनका सपोर्ट पीरियड टूर्नामेंट से एक हफ्ता पहले शुरू होता है। सीएसए इस समय क्रिकेट वेस्टइंडीज से चर्चा कर रहा है कि वेस्टइंडीज कब उपमहाद्वीप पहुंचना चाहता है और उन्हें कितने अभ्यास मैच खेलने हैं। अगर टीमें कोई अभ्यास मैच नहीं खेलती हैं, तो आईसीसी सपोर्ट पीरियड 7 फरवरी से चार दिन पहले यानी 3 फरवरी से शुरू होगा। भले ही वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप से पहले कोई अभ्यास मैच ना खेलना चाहे, सीएसए को पांच टी20 में से कम से कम दो मैच रद्द करने होंगे।

आखिरी दो मैच 3 और 6 फरवरी को निर्धारित हैं। इन मैचों को इससे पहले नहीं खेला जा सकता, क्योंकि एसए20 टूर्नामेंट 25 जनवरी को समाप्त होगा। सीएसए इस समय यह तय कर रहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच किन स्थलों पर खेले जाएं। वर्तमान में संभावना है कि वे पार्ल, न्यूलैंड्स, ईस्ट लंदन का बफ़ेलो पार्क, सेंचूरियन और जोहानसबर्ग होंगे। सीएसए ने इस साल अपने मैदानों को 2027 वनडे विश्व कप के लिए तैयार करने के मकसद से कम भीड़भाड़ वाला सीजन रखने की योजना बनाई थी।

# जैक्स और पॉट्स इंग्लैंड की टीम में

● **वोक्स बाहर, ब्रुक उप कप्तान बनाए गए**

**लंदन, वार्ता।** कंधे की चोट से उबरने के बावजूद, बेन स्टोक्स को एशेज के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। मैथ्यू पॉट्स और विल जैक्स को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। जैक्स को न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एशेज से पहले उंगली की चोट से पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। डरहम के तेज गेंदबाज पॉट्स ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था, जबकि सरे के जैक्स ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। पॉट्स ने इस सीजन में 10 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 28 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84 रन देकर 4



विकेट रहा है। जैक्स ने अब तक केवल तीन पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने 136 रन बनाए हैं, जिसमें से 119 रन उन्होंने एक ही पारी में बनाए हैं। हैरी ब्रूक को एशेज के लिए ओली पोप की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि मार्क वुड बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने वाले शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स के अलावा, टीम में अनुभवी खिलाड़ी जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और पोप शामिल हैं, जबकि जेमी स्मिथ विकेटकीपर हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जोश टंग, वुड और पॉट्स भी शामिल हैं। बशीर मुख्य स्पिनर हैं जबकि रूट, जैकब बेथेल और जैक्स अन्य स्पिन विकल्प हैं।

# स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने 13 से 21 सितम्बर तक चीन के बेइदाईहे में आयोजित 73वीं इनलाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के पदक विजेता दल को आज सम्मानित किया।

भारतीय स्केटिंग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को चिन्हित करते हुए, राष्ट्रीय टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच पदक (3 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीते और 40 से अधिक देशों में कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया।

यह ऐतिहासिक प्रदर्शन कई नई उपलब्धियों से भरा रहा:

स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला सीनियर पदक।

जूनियर वर्ग में पहला स्वर्ण।

● **केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत के पदक विजेता दल से भेंट की**

विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सर्वोच्च पदक। एथलीटों को सम्मानित करते हुए, डा. मांडविया ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में ये ऐतिहासिक पदक दर्शाते हैं कि हमारे युवा नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, चाहे वह मुख्यधारा के खेल हों या उभरते हुए खेल। मैं इस उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करने के लिए हमारे एथलीटों, प्रशिक्षकों, सहयोगी कर्मचारियों और भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ को तहे दिल से बधाई देता हूं।

आनंदकुमार वेलकुमार (22): सीनियर वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय



बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) जीता।

कृष शर्मा (18): 1000 मीटर स्प्रिंट में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक जीता।

अनीश राज (17): जूनियर पुरुष 1 लैप स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। भारतीय दल में 20 एथलीट (4 वरिष्ठ पुरुष, 4 वरिष्ठ महिला, 5 जूनियर पुरुष, 7 जूनियर महिला) शामिल थे, जिन्होंने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी के साथ सीनियर और जूनियर श्रेणियों में 42 स्पर्धाएं हुईं।

# रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों पर छोड़ी अमिट छाप





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनमंच सभागार में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला गुघाल का यह अंतिम सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों पर अपनी एक नयी छाप छोड़ने में सफल रहा।

उद्घाटन एमएलसी शहनवाज खान, उद्यमी संजय करनवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष पाल्ली कालड़ा, पार्षद मंसूर बदर, अंशुमन चौधरी, मेला चेयरमेन नीरज शर्मा, आलोक तनेजा, कार्यक्रम संयोजक व पार्षद शाहगुल, सहसंयोजक नवाजिश खां, फैसल खान, शीलेश सक्सेना, नासिर खान व दीपक सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना से शुरु होकर कार्यक्रम ने गीत-संगीत, नृत्य और हास्य के सभी रंग बिखेरे। मशहूर हास्य कलाकार शहनवाज पप्पी और पप्पी प्रधान की कॉमेडी पर दर्शकों ने ठहाके लगाये तो गायक जावेद अख्तर के गानों ने भी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

लुधियाना की ड्रेगन डांस एकेडमी और दिल्ली, देहरादून व गुजरात, राजस्थान से आए डांस ग्रुप्स ने अपनी जानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और शानदार बना दिया। रशिया से आये दो कलाकारों ने फिल्मी गानों पर सधे और आकर्षक नृत्यों के साथ देर रात अपनी लाजवाब प्रस्तुति से दर्शको का दिल जीत लिया। रशियन कलाकारों का भारतीय वेशभूषा में बैले और बेली डांस, कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इनकी प्रस्तुति पर दर्शकों से खचाखच भरा सभागार तालियों से लगातार गूंजता रहा। रंगारंग कार्यक्रम सांस्कृतिक धरोहर और अनुशासनप्रिय छवि के साथ लोगों पर अपनी एक नयी छाप छोड़ गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं अनेक गणमान्य लोगों को सम्मान चिह्न प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक मनोचा, समाजसेवी महेंद्र तनेजा, जयनाथ शर्मा, रम्मी धवन, ललित पोपली, कुलदीप धमीजा, सुरेंद्र मोहन चावला, गौरव गाबा, चेयरमैन शराफत खान आदि ने गोगा जी महाराज की स्मृति को नमन करते हुए सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और भारी भीड़ के बावजूद अनुशासन और व्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की। इनके अलावा संजय अरोड़ा, प्रमोद चौधरी, मौहम्मद शमीम, अनस व शहीद सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग और पार्षद भी मौजूद रहे। शांति एवं सुरक्षा के लिए एसपी सिटी व्योम बिंदल के निर्देशन में पीएसी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## सुंदर कलाकृतियों का किया प्रदर्शन

**चिलकाना।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कातला नवीन में आयोजित मीना मेले मे स्कूल के बच्चों द्वारा हस्त निर्मित सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया।

बुधवार को आयोजित मेले का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी संजय डबराल द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित कलाकृतियों की प्रशंसा की। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शनी व मेलो के आयोजनों से विद्यालयों के बच्चों में अपनी हस्तकला द्वारा अपने विभिन्न गुणो को दिखाने का मौका मिलता है। बच्चों की प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु ही विद्यालयों में इस प्रकार के मेलो का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय संघ के ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल, मंत्री मोहम्मद कामिल, कोषाध्यक्ष विजय पाल, ग्राम प्रधान कृष्ण लाल, एड. मान. सिंह, सचिन कुमार, प्रधानाचार्य तसनीम अहमद, सहायक अध्यापिका प्रतिभा मौजूद हरें

## रंगाई का कार्य करते नीचे गिरे युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली अंतर्गत फदपुरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 19 वर्षीय युवक समीर की रंगाई के दौरान ऊंचाई से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। समीर अपने मामा के यहां रहकर रंगाई का कार्य कर रहा था।

मंगलवार को समीर फदपुरी कस्बे में एक आठ फीट ऊंची दीवार पर रंगाई का कार्य कर रहा था। अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सिर के बल नीचे गिर पड़ा। गिरने से समीर के सिर पर गंभीर चोटें आईं। लोगों ने तुरंत सहायता की, लेकिन हालत गंभीर होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। सहारनपुर मेडीग्राम अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ के हायर सेंटर रेफर कर दिया। समीर की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई।समीर की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द खघक कर दिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि अभी तक कोतवाली में घटना के संबंध में तहरीर नहीं मिली है।

## दो गोदामों को चोरों ने बनाया निशाना

**अंबेहटा।** नकुड कोतवाली क्षेत्र के गांव देदपुरा में बीती रात चोरों ने सीमेंट और शटरिंग के गोदाम को निशाना बनाया। पीड़ित संजय कुमार पांचाल के अनुसार, चोरों ने गोदाम का गट तोड़कर पांच हजार रुपये की नकदी के साथ-साथ लोहे की चादर, गेहूं, सोलर पैनल और अन्य सामान चुरा लिया, जिसकी कीमत हजारों रुपये में है।

संजय ने बताया कि चोरी की घटना का पता सुबह तब चला, जब वह गोदाम खोलने पहुंचे और गट टूटा हुआ पाया। गोदाम से सामान और नकदी गायब थी। पीड़ित ने इस संबंध में नकुड कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत है और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की।

## आपातकाल में रस्सी से बनने वाली गांठों का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज में आयोजित स्काउट/गाइड सोपान शिविर मे स्काउट एवं गाइड को आपातकाल में रस्सी से बनायी जाने वाली गांठों का प्रशिक्षण दिया गया शिविर के द्वितीय दिवस का आरम्भ झण्डा गीत व प्रार्थना से हुआ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला स्काउट कमिश्नर राजीव रंजन, प्रधानाचार्य, बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज ने सभी स्काउट गाइड को परिश्रम, अनुशासन तथा लगन से शि. विर की सभी गतिविधियों में प्रतिभागिता करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात् जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) श्रीमती उषा तोमर ने शिविर में उपस्थित स्काउट व गाइड को पीटी का अभ्यास कराया। उन्होंने आपातकाल में स्काउट व गाइड के कार्यों में प्रयोग होने वाली रस्सी और लाठी आदि वस्तुओं का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए? तथा रस्सी से बनायी जाने वाली विभिन्न गाँठों इमन्तर गाँठ,लोटा गाँठइसके अलावा मीनार - हाथ वाली मीनार, एक लाठी की मीनार, चार लाठी वाली मीनार, स्ट्रेचर, टैन्ट व गैजैट्घ्स इत्यादि बनाना सिखाया गया। खूँटा फास गाँठ, लघुकर गांठ, एक गोल चक्कर दो अर्थ फाँस सीट बैंड आदि के बारे में प्रायोगिक रूप से विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान स्काउट प्रभारी तारा सिंह तथा गाइड प्रभारी डॉ. सुमित्रा आर्या, विनय चौहान, श्रीमती शर्मिला राय आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को बताई गई सरकार की योजनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम ने राष्ट्रीय विद्या पीठ स्कूल पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा और सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को बताया कि सरकार द्वारा बेटियों और महिलाओं के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनमें कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएँ, बाल मजदूरी न कराने जैसी योजनाएँ प्रमुख हैं। इसके अलावा छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान करने और विपरीत परिस्थितियों में तुरंत पुलिस या परिवार को सूचित करने की सलाह दी गई। छात्राओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा शामिल हैं। पुलिस टीम ने कहा कि इन नंबरों पर कॉल करने पर तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

जागरूकता कार्यक्रम के बाद एंटी रोमियो टीम ने कस्बा छुटमलपुर ज्योति किरण तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने वहां गुजर रहे दोपहिया और चार-पहिया वाहनों की गहन जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई। टीम ने देर शाम नगर में भी पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजकों को भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फतेहपुर पुलिस ने छात्राओं और आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की परेशानी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने कहा कि समाज में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और मिशन शक्ति अभियान इसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहा है।

## डूडा विभाग में लगा लोक कल्याण मेला




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा विभाग द्वारा लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उ.प्र. सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना व पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के साथ जन समुदाय को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने और योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। मेले में डूडा द्वारा पीएम स्वनिधि योजना का आयोजन किया जा रहा है। डूडा के परियोजना अधिकारी ने वेंडरों,महिला समूहों और जन समुदाय को अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान भी किया है। बताया गया कि पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन के उपलक्ष्य में जनपद के समस्त नगर निकायो में डूडा द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा हे, जिसमें बैंक स्तर पर लंबित ऋण आवेदनों का निस्तारण एवं स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को भारत सरकार की आठ योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा हैं।

## वार्ड 63 में खराब पड़े सरकारी नल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के पार्षदों को की जा रही शिकायतों को गंभीरता से लेने वाले मात्र बहुत ही कम गिने चुने ऐसे पार्षद रह गए हैं जो ना केवल जनता की शिकायतों को गंभीरता से तो लेते ही हैं, अपितु वार्ड की जनता की शिकायतों को निगम के अधिकृत अधिकारियों के समक्ष उनकी शिकायतों का प्रमुख रूप से समाधान भी करवाते हैं, लेकिन वार्ड 63 की स्थिति यह हो चली है कि यहां शिकायतों के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है।

नगर निगम के वार्ड नंबर 63 में लंबे समय से मंसूर कॉलोनी राजो के कब्रिस्तान के सामने वाली गली एंव उमर मस्जिद के सामने पेयजल के लिए लगाए सरकारी नलों की हालत खराब है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि महिला पार्षद प्रतिनिधि को बार-बार इसकी सूचना भी दी गई। इसके बाद भी नलों को ठीक करवाने की कोई भी व्यवस्था नहीं हो सकी। उन्होंने कहा वार्ड की अनेक जनता इसी प्रकार से समस्याओं से जूंझ रही है,लेकिन अभी तक उन्हें उस प्रकार का पार्षद नहीं मिला है जो उनकी समस्याओं पर खरा उतर सके, क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम के उच्च अधिकारियों से नलों को जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है।

## मौ. आलम ने बाढ़ पीड़ितों को लिए दी मदद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाब बाढ पीडितों के लिए समाजसेवी मौ. आलम ने गुरूद्वारा सिंह सभा में 51 हजार की रूपये की धनराशि सौंपी।

गुरुद्वारा सिंह सभा मे जिले के लगभग हर क्षेत्र से सहयोग आवश्यक सामग्री के रुप मे नगर वासियो और ग्राम वासियो द्वारा लगातार पहुंच रहा है और यहाँ से पंजाब के पीड़ित क्षेत्रो से कॉर्डिनेट करके लगातार आवश्यकता अनुसार सामग्री बड़े छोटे ट्रको के माध्यम से भेजी जा रही है। इसी कड़ी मे आज ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर के सेक्रेटरी मोहम्मद आलम ने आज गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंच कर गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान स सुजसबीर सिंह, उप प्रधान परविंदर सिंह को. हली एवं गुरुद्वारा सिंह सभा के डिस्पेंसरी इंचार्ज एम पी सिंह चावला को पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 51000 की नकद धनराशि सौंपी इस मौके पर गुरुद्वारा गुरुद्वारा कमेटी की ओर से इस पुनीत कार्य करने के लिए मोहम्मद आलम का आभार जताया गया।

## शतरंज की मंडल स्तरीय टीम का चयन

### गौरी शंकर इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन



■ सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के खिलाड़ी रहे शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलीय शतरंज प्रतियोगिता में खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडलीय टीम में अपना स्थान पक्का किया। टीम में शामिल खिलाडी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

दिल्ली रोड स्थित गौरी शंकर इंद्रपाल सिंह इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मंडलीय क्रीडा सचिव सोनिया पंवार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने किया। ऑर्बिटर विशु सैनी की देखरेख में प्रतियोगिता के खेले गये मुकाबलों के बालक वर्ग के अंडर 14 में आदित्य, गुरूनाम, शिवकरण सैनी सहारनपुर, देव पंवार मुजफ्फरनगर, आरव शर्मा शामली, अंडर 17 में कृष्णा पंवार, शाहरून, माधव त्रिपाठी, इस्माइल चंद सहारनपुर, अभिमन्यु शामली, अंडर 19 में अनमोल, नौमान अली, पुष्प जैन, शिवम मित्तल सहारनपुर, अभिनव मुजफ्फरनगर, बालिका वर्ग अंडर 14 में चेतना, आयशा, देवयानी मुजफ्फरनगर, अदिति गोयल, नैंसी सहारनपुर, अंडर 17 में श्रद्धा सैनी, धारवी शुक्ला, हर्षिका धीमान सहारनपुर, लावण्य, अनन्या बेदी शामली, अंडर 18 में परी ठाकुर, नंदनी सैनी, वाणी शर्मा सहारनपुर, नंदनी सिंह, महिमा प्रजापति मुजफ्फरनगर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये चयनित हुए।

प्रतियोगिता में मंडल के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली जिलों के शतरंज खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। अंत में प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने टीम में चयनित होने पर उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जीवनशैली में लाएं बदलाव: डा. नैना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रख्यात चिकित्सका व गायनोकोलोजिस्ट डा. नैना मिगलानी ने महिलाओं व छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए जीवन शैली में बदलाव के टिप्स दिये।

दिशा भारती कालेज ऑफ मैनेजमेंट एवं एजुकेशन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंर्तगत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने महिलाओं को एनिमिया, मासिक संबंधी परेशानियां, कैंसर के कारण एवं बचाव, पीसीओएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वजन नियंत्रण व मोटापे से होने वाली बिमा. रियों के बारे में बताया और मोटापा कंट्रोल करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोटापे से महिलाओं में पीसीआरएस एवं बांझपन की समस्याएं बढ रही है जिसके लिये उन्होंने जीवन शैली में बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को ब्रेस्ट एवं सरवाइकल कैंसर के शुरूआती स्टेज में ही पता लगाने के तरीको की जानकारी दी एवं हाई प्रोटीन एवं फाइबर डाइट एवं साबुत अनाज, ताजे फल एवं सब्जियां, दाले के प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नारी स्वस्थ होगी तभी परिवार स्वस्थ होगा एवं परिवार को समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। अंत में प्रिंसीपल डा.काशीराम शर्मा ने डा.नैना मिगलानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## रोडवेज बस की टक्कर से 3 छात्र घायल

**बिहारीगढ़।** गणेशपुर एलिवेटेड रोड पर बुधवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया।

तीन स्कूली छात्र स्पलेंडर बाइक से स्कूल से माँ डाट काली मंदिर की ओर जा रहे थे। तभी अचानक सामने से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों की एक-एक टांग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों की पहचान कपिल पुत्र सुनील, गुरविंदर पुत्र सुरेंद्र और लक्ष्य पुत्र गली, निवासी बिहारीगढ़ के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही बिहारीगढ़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची।

बिहारीगढ़ थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मारी थी।

## हाफिज गुफरान ने की निर्माण में धांधली की शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सुहैलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पश्चिम हाफिज गुफरान अली ने निर्माण चीफ को ज्ञापन सौंपकर निर्माण में धांधली की जांच कराने की मांग की है।

गुफरान अली ने ज्ञापन देते हुए कहा कि सैक्टर 63 धोबीवाला रोड पर जाने वाली सडक कुछ समय पहले असद ठेकेदार द्वारा बनाई गयी थी जो अधिकांश जगहों से टूट फूट गयी है। अब उसी ठेकेदार द्वारा नाला बनाया जा रहा है जो मानको के अनुरूप नही है। निगम के जेई की मिली भगत से ठेकेदार द्वारा निगम को 20 लाख से अधिक का चूना लगाया जा रहा है। 500 मी. के नाले का एस्टीमेट 48.58,000 रूपये बनाया गया जबकि सैक्टर 61 में 350 मी. नाले का एस्टीमेट 19,64,000 रूपये मात्र है।

# महिला आयोग सदस्य श्रीमति सपना ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमति सपना कश्यप ने रामपुर मनिहारान तहसील में जनसुनवाई करते हुए महिलाओं को सरकार की योजना बताकर जागरूक किया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, सखी-वन स्टॉप सेंटर यूनिट 1 यूनिट 2 व जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में बालिकाओं व महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मातृ वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, शक्ति सदन, सखी निवास, आदि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया गया एवं हेल्प लाइन नंबर 181 सखी -वन स्टांप सेंटर की विस्तृत जानकारी दी साथ ही मिशन शक्ति के उद्देश्यों को बताते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, हेल्पलाइन नंबर 1098, वीमेन पावर नंबर 1090, पुलिस हेल्प लाइन 112, साइबर क्राइम 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एंबुलेंस सेवा 102 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में जिला जिला प्रोब. शन अधिकारी, सहारनपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहारनपुर श्रीमती एकता शर्मा, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई प्रवीण कुमार, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रीमती सरिता सैनी, सेंटर मैनेजर, सखी-वन स्टॉप सेंटर, यूनिट 1, श्रीमती शालिनी सेंटर मैनेजर, सखी- वन स्टॉप सेंटर, यूनिट 2, श्रीमती नेहा शर्मा, जिला मिशन समन्वयक, श्रीमती रुपा हरित व रो. बिन सैनी, जेंडर स्पेशलिस्ट, हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन, श्रीमती रीना साहनी, सोशल वर्कर, जिला बाल संरक्षण इकाई, आदि उपस्थित रहे।

**नानौता।** महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस द्वारा जागरूकता और प्रभावी सुरक्षा अभियान चलाकर महिलाओं को कानूनी जानकारी दी। एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशानूसार थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला एसआई राधा चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं और बाल मजदूरी रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, रामलीला पंडाल का निरीक्षण कर वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर एसएसआई जितेंद्र सिंह तेवतिया, महिला कांस्टेबल विनीता और अमृता आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**चिलकाना।** मिशन शक्ति फेज 05 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम ने स्कूल व कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

थाना प्रभारी संजीव कुमार की अगुवाई में मिशन शक्ति टीम इंचार्ज मोनिका यादव ने नगर के न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, ऋषभ मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल, ब्राईट होम नेशनल पब्लिक स्कूल आदि में बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित किये। इस दौरान उन्होंने सभी बालिकाओं की समस्याओं को जाना एवं उन्हें सरकार द्वारा महिला सुरक्षा हेतु जारी किए हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी दी।

उन्होंने बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपने घर जाकर आस पास की महिलाओं को भी जागरूक करने के लिए कहा। इस अवसर पर महिला हेड कांस्टेबल ज्योति, महिला कांस्टेबल प्रियम एवं कांस्टेबल अनुज राणा मौजूद रहे।

**अंबेहटा।** नकुड पुलिस ने महिला सशक्तिकरण अभियान शमिशन शक्तिश के फेज-5.0 के तहत नकुड़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में आज एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एंटी-रोमियो टीम की उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा और उपनिरीक्षक कोमल ने प्राइमरी स्कूल ककराला सहित क्षेत्र की अन्य जगहों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को अभियान की जानकारी दी। और छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति फेज-5.0 के उद्देश्यों, आवश्यक दिशा-निर्देशों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेष रूप से गुड टच-बैड टच की अवधारणा पर जोर दिया गया, ताकि बच्चे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें। टीम ने पंपलेट भी वितरित किए, जिनमें महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र की बालिकाओं को सशक्त बनाने और अपराधों के प्रति जागरूक करने का प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा अपने को सुरक्षित महसूस करे।

**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय

**गुरुवार, 25 सितम्बर 2025**

## लेह में हिंसा

बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भड़क गई। जिसमें चार लोगों की मौत होने व 70 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। प्रदर्शनकारी छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थक बताए जाते हैं। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बराबर मांग करते रहे हैं। अभी भी वह अपनी इस मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांग पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हो गई। बड़े पैमाने पर हिंसा होते देख वांगचुक ने अनशन तोड़ दिया और अपने समर्थक छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की। किसी मामले की अन्देखी या उसको लटकाए रखने की प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इसका जीता जागता सबूत लद्दाख के लेह में देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने जमकर पत्थरबाजी पुलिस पर की और सीआरपीएफ की गाड़ी तक को आग लगा दी। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का ऐलान किया था और भीड़ जुटान के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया, जिसमें लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की गई थी। इस अपील का बड़ा असर हुआ और बड़ी तादाद में लोग वहां पहुंच गए, जिनमें अधिकतर छात्र बताए जाते हैं। पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, जब भीड़ ने उनको तोड़ा तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जवाब में भीड़ ने गाड़ी जला दी और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक का कहना है कि वह पिछले पांच सालों से शांति व अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। देखा जाए तो इसके लिए केंद्र सरकार अधिक जिम्मेदार दिखाई दे रही है, क्योंकि जब 2019 में अनुच्छेद 370 और 351 हटाते समय जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो केंद्रशासित प्रदेश बना दिए थे, तब सरकार ने उस समय कहा था कि सही समय आने पर इनका पूर्ण राज्य का बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक सरकार ने अपने उस वादे पर कोई अमल नहीं किया, जबकि पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए लद्दाख व जम्मू कश्मीर से बराबर मांग उठती रही है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि लद्दाख और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि वहां बीजेपी चुनाव जीत नहीं पाई। जाहिर है इस तरह के मुद्दो को राजनीति के नजरिये से नहीं देखना चाहिए और लोगों की इच्छाओं का सम्मान करना चाहिए, जिससे लेह में तोड़फोड़ व आगजनी दिखाई दी और लोगों की भीड़ जुटी यह कोई एक दिन का काम नहीं हो सकता। इससे साफ है कि लंबे समय से सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है और सरकार उस नाराजगी को समझने में पूरी तरह नाकाम रही है। इस आंदोलन को भी जैन जी रेवोल्यूशनरी बताया जा रहा है। हालांकि सोनम ने कहा है कि मैंने जैन जी रेवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया है। सरकार को चाहिए कि वह वहां के लोगों की जो इच्छा है उसका सम्मान करे।

### हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हौसला बढ़ाया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं, अखिलेश मेरे उतने ही करीब हैं, जितने नेताजी मुलायम सिंह यादव थे, जेल में रहने से जिंदगी बदल गई, यहां तक कि मोबाइल चलाना तक भूल गया हूं, उसमें मेरी पत्नी का नंबर था, उसे भी भूल गया हूं, मेरे मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है, पहले जो लोग उन्हें नहीं पहचानते थे, अब दर्ज मुकदमों की वजह से सब जानने लगे हैं, हमारे पास चरित्र नाम की एक चीज है, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास कोई पद या ओहदा हो, लोग हमें प्यार करें, इज्जत दें और यह साबित हो कि हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है।

**–आजम खा**
**वरिष्ठ सपा नेता, पूर्व मंत्री**

## कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग






**निर्मल रानी**

एक बार फिर जहर उगलने में अग्रिम स्थान बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद का एक बेहद विषैला, अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ। कुरआन, मुहम्मद, मुसलमानों को खुलकर अपमानित करने वाले इस व्यक्ति ने तो अब हिन्दू महिलाओं को भी नागिन कह डाला। गौरतलब है कि यह व्यक्ति पहली बार मार्च 2021 में उस समय सुर्खियों में आया था जब 14 वर्ष के एक गरीब मुस्लिम बालक ने अपनी प्यास बुझाने के लिए इसी मंदिर परिसर के बाहर लगे नल से पानी पी लिया था। उसके बाद इस डासना मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बालक से उसका नाम व उसका धर्म पूछकर उसे बड़ी बेरहमी से मारा था। आसिफ को पीटने का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उस समय यति नरसिंहानंद आसिफ को पीटने वालों के समर्थन में खुलकर आए थे और उस बालक की पिटाई जायज ठहराई थी। इस व्यक्ति ने मंदिर के मुख्य द्वारा पर साफतौर से बोर्ड पर लिखवा रखा है कि यहां कोई मुसलमान अंदर नहीं आ सकता। यही यति नरसिंहानंद शायद नफरत के बल पर अर्जित शोहरत पाने के बाद इसी तरह की बकवासबाजी करने का आदी हो चुका है। अब तो यह व्यक्ति धर्म अध्यात्म संबंधी सकारात्मक बातें तो करता ही नहीं बल्कि सिर्फ जहर ही उगलता फिरता है।

पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो में बुलंद शहर में सामने बैठी कुछ महिलाओं को संबोधित करते हुए उसने कहा कि अगर हिंदू महिलाओं ने ज्यादा बच्चे पैदा नहीं किए तो एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों का बलात्कार करेंगे और उन्हें बाजार में बेचेंगे। उस ने हिंदू समुदाय में मुसलमानों के प्रति खौफ पैदा करने के मकसद से उन महिलाओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चा पैदा करो, वरना एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग आपको मारकर आपके घरों पर कब्जा कर लेंगे।

उसने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को मंडियों में बेचेंगे और उनका बलात्कार करेंगे। उसने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को रखैल बनाकर रखेंगे। इसी संदर्भ में इसने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान भी दिया है। नरसिंहानंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक बेटा पैदा करने वाली हिंदू महिलाएं नागिन जैसी होती है। उस ने हिन्दू महिलाओं को परिवार बढ़ाने की नसीहत देते हुए उनमें भय पैदा करने के लहजे में कहा कि परिवार को बड़ा करो वरना दो-दो रुपए में बिकोगी। यह व्यक्ति पहले भी कई बार मुसलमानों को बलात्कारी बता चुका है साथ ही अनेक बार हिंदू महिलाओं के लिए भी अपमान. जनक व विवादित टिप्पणी कर चुका है। हालांकि यति नरसिंहानंद के खिलाफ कई बार कार्रवाई हो चुकी है। वह अपने विवादित बयानों की वजह से जेल और कोर्ट का चक्कर भी लगा चुका है। कुछ समय पूर्व ही इसी व्यक्ति ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और भारत को मुस्लिम, मदरसा और मस्जिदों से मुक्त कराने जैसी गैर संवैधानिक मांग भी की थी। गोया यह व्यक्ति हर वक्त देश में नफरत फैलाने वाले बयान देता रहता है। आश्चर्य यह भी है कि यह व्यक्ति कथित रूप से उस जूना अखाड़े से संबद्ध महामंडलेश्वर है जिससे एक से बढ़कर एक महान संत महात्मा व अध्यात्मवादी साधु जुड़े रहे हैं।

इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है, न कि उसके जन्म से। यह पंक्ति ईश्वर की सार्वभौमिकता और सभी के लिए समान प्रेम पर जोर देती है, जो किसी भी जाति या सामाजिक स्थिति से ऊपर है।

सवाल यह है कि क्या यति नरसिंहानंद या इन जैसे और अनेक संत वेशधारी लोग जो पूरे पूरे देश में घूम-घूम कर सरे आम अपनी जुबान से इसी तरह का जहर उगलते फिर रहे हैं यह संत कबीर की उक्त संतवाणी की श्रेणी में आते हैं? यदि नहीं तो इनके संतों की वेशभूषा धारण करने से समाज को सिवाय अपमान के और क्या हासिल है? कोई हिन्दू या किसी भी धर्म की महिला यदि एक बच्चा पैदा करती है तो यह उसके परिवार का निजी निर्णय या उसके आर्थिक व पारिवारिक हालात हो सकते हैं। किसी स्वयंभू संत को क्या अधिकार है कि वह एक बच्चा पैदा करने वाली किसी महिला की तुलना नागिन से करे? निश्चित रूप से ऐसे स्वयंभू संत चूंकि अपने किसी गुण

**इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है न कि उसके जन्म से।**

और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि गुण ज्ञान तो इनके पास है ही नहीं? लिहा. जा नफरत फैलाकर विद्वेष की बातें कर मीडिया में सुर्खियां बंटोरकर अपनी दुकानदारी चलाते हैं। दूसरा सवाल यह कि बार-बार ऐसे ही आरोपों में जेल की हवा खाने के बावजूद इनकी बदजुबानियों पर लगाम न लगना भी यह सवाल खड़े करता है कि इन्हें संरक्षण कहां से मिल रहा है? इनकी जहरीली बयानबाजियों का राजनैतिक लाभ किसे मिल रहा है? आखिर ऐसे जहरीले लोग कहां से शह पाते हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एक्स्ट्रा डीएनए का नतीजा मनुष्य का बड़ा दिमाग

सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं।

यह तो बरसों से पता रहा है कि प्रोटीन बनाने वाले नए-नए जीन्स मौजूदा जीन्स में दोहराव या परिवर्तन की वजह से बन सकते हैं। लेकिन कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स डीएनए के ऐसे खंडों से भी बन सकते हैं जो पहले लक्ष्यहीन आरएनए बनाया करते थे। गौरतलब है कि जब डीएनए के किसी हिस्से से सम्बंधित प्रोटीन बनवाना होता है तो उसकी एक प्रतिलिपि आरएनए के रूप में बनती है जो केंद्रक से बाहर जाकर प्रोटीन निर्माण करवाती है। जब कोई डीएनए ऐसा आरएनए बनाए जिसका उपयोग प्रोटीन निर्माण में न हो सके तो वह फालतू ही हुआ ना? लेकिन इस तरीके से नए जीन्स बन जाएं, यह समझ से परे था। अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि यह करिश्मा कैसे होता है कि डीएनए की फालतू शृंखला से बनने वाले आरएनए में ऐसी निपुणता पैदा हो जाती है कि वह केंद्रक से बाहर निकल जाता है।

आरएनए का केंद्रक से बाहर निकलना उसके द्वारा प्रोटीन संश्लेषण की दिशा में पहला कदम होता है। इस अध्ययन के शोधकर्ताओं ने ऐसे 74 मानव प्रोटीन-निर्माता जीन्स उजागर किए हैं जो मनुष्य के चिम्पैंजी से अलग होने के बाद अस्तित्व में आए हैं। इनमें से कुछ जीन्स ने हमें ज्यादा बड़े और जटिल मस्तिष्क प्रदान किए हैं। नेचर इकॉलॉजी एंड इवोल्यूशन पत्रिका में शोधकर्ताओं ने बताया है कि जब ए जीन्स चूहों वगैरह जैसे कृन्तक जीवों में जोड़े गए तो उनके मस्तिष्क अपेक्षाकृत बड़े और मानव-सदृश हो गए। देखा जाए तो जीन्स द्वारा बनाए गए आरएनए में से कुछ तो स्वयं कुछ नियामक भूमिका निभाते हैं। यह केंद्रक से बाहर नहीं जाते। दूसरी ओर प्रोटीन का संश्लेषण करवाने वाले आरएनए (संदेशवाहक आरएनए) केंद्रक से



निकलकर कोशिका द्रव्य में पहुंचते हैं और राइबोसोम की मदद से प्रोटीन का निर्माण करवाते हैं। मामले की शुरुआत पेकिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक चुआन-युन ली की इस खोज के साथ हुई थी कि मनुष्यों में कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स रीसस बंदरों में पाए जाने वाले गैर-प्रोटीन निर्माता डीएनए खंडों से बहुत मिलते-जुलते होते हैं। तो सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं। आगे खोजबीन के लिए ली के दल ने मनुष्य व चिम्पैंजी के ऐसे नवीन प्रोटीन-निर्माता जीन्स की तलाश की जो रीसस बंदरों में गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा उन्होंने U1 तत्व में वह उत्परिवर्तन भी खोज निकाला जो केंद्रक से बाहर निकलने के लिए जरूरी है। अंततः उन्हें 45 मानव जीन्स और 29 मानव तथा चिम्पैंजी के साझा जीन्स मिले जो इस शर्त को पूरा करते हैं। इतना होने के बाद उन्होंने इनमें से उन नौ जीन्स पर ध्यान केंद्रित किया जो मानव मस्तिष्क में सक्रिय होते हैं। वे देखना चाहते थे कि ए जीन्स क्या भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इन जीन्स सहित और इनसे रहित कृत्रिम मस्तिष्क ऊतक विकसित किए। इसके आधार पर उन्होंने दो जीन्स पहचाने हैं जो मस्तिष्क को सामान्य से थोड़ा बड़ा बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने इनमें से एक जीन को चूहों में भी डालकर देखा और पाया कि उन चूहों का दिमाग सामान्य चूहों की अपेक्षा बड़ा हो गया। और तो और, उनमें कॉर्टेक्स भी बड़ा बना जो तर्क व भाषा के लिए जिम्मेदार होता है। एक अन्य जीन का भी ऐसा ही असर रहा और इस जीन से लैस चूहों का याददाश्त के परीक्षण में प्रदर्शन बेहतर रहा। शोधकर्ताओं का कहना है कि मानव मस्तिष्क के विकास में कुछ सर्वथा नए जीन्स की भूमिका रही है जो प्रोटीन-निर्माता जीन्स में उत्परिवर्तनों से नहीं बल्कि गैर-प्रोटीन जीन्स के कारण बने हैं। इस ताजा खोज से नए जीन्स बनने की क्रियाविधि समझने में मदद मिलेगी।

**...स्रोत फीचर्स**

## एआईः अवसरों और चुनौतियों का नया युग



**रजनीश कपूर**

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्धएआईक्ष् इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। एआई ने विभिन्न उद्योगों में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं जिससे दक्षता, नवाचार और विकास की नई संभावनाएं सामने आई हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक, एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें और एल्गोरिदम मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष करते हुए पा रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। हमें अपने कार्य और रोजगार के दृष्टिकोण को पुनर्विचार करने का मौका देती है।

एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में, स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में, एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन,



कला और संगीत में भी, एआई नए रास्ते खोल रहा है। ए प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं।

हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, यह चुनौती और भी गंभीर है। विशेष रूप से, निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे अब तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं।

एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां पहले से ही बेरोजगारी और अंडरएंप्लॉयमेंट की समस्या है, एआई-प्रेरित नौकरी हानि स्थिति को और जटिल बना सकती है। इसके अलावा, नई तकनीकों को अपनाने की गति और कौशल की कमी के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। कई श्रमिकों के पास नई तकनीकों को सीखने के लिए आवश्यक संसाधन या अवसर नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे आर्थिक मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं। इस संकट का सामना करने के लिए, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पुनः कौशल विकास का अर्थ है श्रमिकों को पूरी तरह से नए कौशल सिखाना, जो उन्हें बदलते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बनाए रखे। दूसरी ओर, कौशल उन्नयन मौजूदा कौशलों को और उन्नत करने पर केंद्रित है ताकि श्रमिक अपनी वर्तमान भूमिकाओं में अधिक प्रभावी हो सकें। उदाहरण के लिए, एक फैक्ट्री कर्मचारी को रोबोटिक्स या डेटा विश्लेषण में प्रशिक्षित किया जा सकता है, जबकि एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को एआई-संचालित चैटबॉट्स के प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र को एकजुट होकर काम करना होगा। सरकार को नीतियां बनानी होंगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुलभ और सस्ता बनाएं। भारत में, श्स्किल इंडियाश जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए, जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्ड्क्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते क्षेत्रों पर ध्यान दें। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षण मंचों और मूक जैसे संसाधनों को बढ़ावा देना होगा ताकि लोग घर बैठे नई तकनीकों को सीख सकें। निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। कई वैश्विक कंपनियां, जैसे कि गूगल और माइक्रोसॉफ्ट, पहले से ही अपने कर्मचारियों को एआई और डिजिटल कौशल सिखाने के लिए निवेश कर रही हैं। भारतीय कंपनियों को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, स्टार्टअप और छोटी कंपनियां, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, को भी अपने कर्मचारियों के कौशल विकास में योगदान देना चाहिए।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक दोधारी तलवार है, यह अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है, लेकिन साथ ही गंभीर चुनौतियां भी लाती है। रोजगार का नुकसान एक ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से, हम इस संकट को एक अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया की सबसे अधिक युवा कार्यबल आबादी है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है। बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत एक ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाए। समयकी मांग है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करें और एक समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने फिर रट लगाई, भारत-पाक युद्ध रुकवाने की

## कहा: दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी, लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया। उन्होंने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने 56 मिनट के भाषण के दौरान यह बात कही, जबकि उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे। यूएनजीए को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा: दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराईं।

ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजराइल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्राम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड 25 सितम्बर 2018 को ट्रम्प संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाषण दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि



**अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया**

2 साल से भी कम समय में उन्होंने बाकी सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से ज्यादा काम किया है। ट्रम्प की बात सुनकर सभा में मौजूद दुनियाभर के नेता हंसने लगे। ट्रम्प ने न्यूजीलैंड की तत्कालीन पीएम जैसिंडा अर्डन को देखकर कहा: मुझे ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। कोई बात नहीं। अब 7 साल बाद ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार यूएन को संबोधित किया। लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले नजर आए। भाषण शुरू होने से पहले ही उनका टेलीप्राम्प्टर खराब हो गया है। इस पर ट्रम्प ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा: टेलीप्राम्प्टर खराब है तो क्या, इससे दिल से बोलने का मौका मिलता है। लेकिन जो इसे चला रहा है, वो मुश्किल में है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने मैक्रों, किंग अब्दुल्ला और रेसेप तईप एर्दोआन से की मुलाकात





**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संक्षिप्त बातचीत की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने कल घोषणा की थी कि फ्रांस फलस्तीन राज्य को मान्यता दे रहा है तथा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अधिकांश बातचीत गाजा में संकट का समाधान ढूंढने पर केंद्रित रही। इस संबंध में ट्रम्प ने संवाददाताओं को बताया कि आज क्षेत्र के नेताओं के साथ उनकी बैठक है और उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही कोई परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। मैक्रों के साथ यह बैठक ट्रम्प के इस सुझाव के तुरंत बाद हुई कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई में अपना सारा क्षेत्र वापस जीत सकता है। मैक्रों के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से भी मुलाकात की।

### भारत हमारी तरफ है यूएनजीए में जेलेंस्की का अहम बयान

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक अहम बयान दिया है। एक अमेरिकी मीडिया समूह को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'भारत अधिकतर हमारी तरफ ही है'। जेलेंस्की का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में किए गए उन दावों के बिल्कुल उलट माना जा रहा है, जिसके तहत ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का मुख्य वित्तपोषक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह माना कि भारत-रूस के ऊर्जा सौदों के कारण कुछ जटिलताएं आई हैं, लेकिन उन्होंने आशा जताई कि भारत रूसी ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव करेगा।

## घातक तूफान रागासा की चपेट में ताइवान, 17 लोग मरे



**चीन में 20 लाख लोग विस्थापित**

**नई दिल्ली/हांगकांग।** शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य घायल हो हुए हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुए अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आई जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था। इसके टूटने से लगभग सत्तर लाख टन पानी निचले क्षेत्रों में प्रवाहित हो गया जिसने पास के ग्वांगफू टाउनशिप में बाढ़ ला दी।

### संक्षिप्त समाचार

#### रोहिंग्या विद्रोहियों को उकसाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** अराकान आर्मी (एए) के कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल तुन म्यात नाइंग ने बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के कुछ अधिकारियों पर रोहिग्या विद्रोही समूहों, अराकान रोहिग्या साल्वेशन आर्मी और रोहिग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ), को एए के ठिकानों पर हमले के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है। मेजर जनरल ने 'द इरावाडी' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में खुलासा किया कि 18 सितम्बर की रात उत्तरी रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप में एए के बेस पर एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों ने समन्वित हमला किया।

#### रूसी भाषियों के उत्पीड़न का विरोध

**मॉस्को।** रूसी उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिस्की ने कहा है कि बाल्टिक देशों में रूसी भाषियों पर अत्याचार पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। ल्यूबिस्की ने कहा कि मैं बाल्टिक देशों में रूसी भाषी लोगों पर बढ़ते हुए कठोर उत्पीड़न का उल्लेख करना चाहूंगा जो पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। बेलारूस के विदेश मंत्री मैक्सिम रायजेनकोव ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि बाल्टिक देशों को किसी भी महत्वपूर्ण, शांतिपूर्ण या विकासोन्मुख अंतर्राष्ट्रीय पहल को लागू करने में कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं हुई है।

#### रूस ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार रात पांच रूसी क्षेत्रों और काला सागर में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया पिछली रात बेलगोरोड, कुर्स्क, रोस्तोव, वोल्गोग्राड क्षेत्रों, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन प्रणालियों को नष्ट करते हुए उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

#### ओस्लो में विस्फोट के बाद अलर्ट जारी

**ओस्लो।** नॉर्वे पुलिस ने ओस्लो में एक विस्फोट की खबर के बाद मंगलवार शाम आपातकालीन अलर्ट जारी किया, जिसमें क्षेत्र के निवासियों से खिड़कियों से दूर रहने और घटनास्थल पर न जाने का आग्रह किया गया। यह घटना पहली बार स्थानीय समयानुसार लगभग 20:43 बजे मध्य ओस्लो के बिस्लेट के पास रिपोर्ट की गई। नॉर्वेजियन प्रसारक एनआरके के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने एक बड़ा धमाका सुनने की बात की।

## रूसी प्लेन NATO देशों से गुजरें, तो मार गिराएं: ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को कागजी शेर बताया, रूस बोला: हम शेर नहीं खतरनाक भालू हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर रूसी विमान, छ।ज्ञ देशों के एयरस्पेस में घुसते हैं तो उन्हें मार गिराया जाए। उन्होंने रूस को कागजी शेर बताया। ट्रम्प ने कहा कि रूस पिछले साढ़े तीन साल से युद्ध में फंसा हुआ है, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सका। उनके मुताबिक, अगर रूस असली सैन्य ताकत होता तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था।

उन्होंने भरोसा जताया कि यूक्रेन रूस से सारा कब्जा किया इलाका वापस ले सकता है। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने ट्रम्प के बयान को खारिज करते हुए कहा: रूस अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए हुए है। कुछ सेक्टर में समस्याएं हैं, लेकिन रूस कोई शेर नहीं, बल्कि एक खतरनाक भालू है, और श्पेपर भालूश जैसी कोई चीज नहीं होती। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में दिए अपने भाषण में यूरोपीय देशों से अपील की कि वे रूस से तेल-गैस खरीदना पूरी तरह बंद करें। उन्होंने



**अगर रूस असली सैन्य ताकत होता, तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था**

कहा कि नाटो देश खुद ही युद्ध को फंड कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप और नाटो के सहयोग से यूक्रेन युद्ध से पहले वाली सीमाएं वापस पा सकता है, क्योंकि रूस की अर्थव्यवस्था दबाव में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने भी सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से रूस पर और दबाव डालने की मांग की। ट्रम्प के जमीन वापस लेने के बयान को गेम चेंजर भी कहा। पहले ट्रम्प कई बार कह चुके थे कि युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन को कुछ जमीन छोड़नी पड़ सकती है। मंगलवार देर रात फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा है कि उन्हें ट्रम्प के यूक्रेन पर अचानक बदले रुख से हैरानी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का यह रुख युद्ध खत्म करने में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे समझ आता है कि अमेरिका युद्ध खत्म होने के बाद भी यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को तैयार है। हालांकि, जेलेंस्की ने माना कि अभी ऐसी कोई ठोस डिटेल नहीं है। लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में और ज्यादा हथियार, एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन मिलने की संभावना है। जेलेंस्की ने इंटरव्यू में कहा कि अब उनके और ट्रम्प के बीच ज्यादा बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं, जिससे रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि पुतिन ने बार-बार ट्रम्प से झूठ बोला, यही वजह है कि अब हमारे (ट्रम्प और जेलेंस्की) रिश्ते बेहतर हुए हैं।

## एच-1बी वीजा लॉटरी सिस्टम को खत्म करने जा रहे ट्रम्प

**अब मोटी सैलरी से चयन, करीब 1.44 करोड़ के पैकेज वाले को चार मौके मिलेंगे**

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बी वीजा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसके तहत अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने के नियम बदल सकते हैं।

अभी तक यह वीजा लाटरी सिस्टम के जरिए मिलता है, लेकिन नई योजना के मुताबिक अब ज्यादा वेतन वाली नौकरियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतलब अगर किसी साल आवेदन 85000 की तय सीमा से ज्यादा आते हैं, तो उन लोगों के चुने जाने की संभावना ज्यादा होगी, जिनकी नौकरी में वेतन ऊंचा है। नए नियम के तहत सभी उम्मीदवारों को लेबर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर चार सैलरी कैटेगरी में रखा जाएगा। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले, जिन्हें लगभग 162500 डालर (करीब 1.44 करोड़ रुपये) सालाना वेतन मिलता है, वे लाटरी में चार बार शामिल होंगे। सबसे कम सैलरी वाले सिर्फ एक बार शामिल होंगे। इसका मकसद है कि हाई स्किल्ड और हाई सैलरी वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले। हाई सैलरी सिस्टम के आधार पर वीजा देने का प्रस्ताव फेडरल रजिस्टर में जारी हो चुका है। इस पर 30 दिन तक जनता की राय ली जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्था अगले वीजा साइकिल (अप्रैल 2026) से लागू हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने 22 सितम्बर से नए एच-1बी आवेदन पर 100,000 डालर (करीब 88 लाख रुपये) फीस कर दी। पहले यह 6 लाख रुपये के करीब लगती थी।

### संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने सुबियांता दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र 'ओम शांति, शांति, शांति ओम' का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया। अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर बम हमला

**छह बोगियां पटरी से उतरीं, 12 लोग घायल, 10 घंटे में दूसरा धमाका**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर बम हमले में करीब 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला उस समय हुआ जब क्वेटा जा रही ट्रेन मस्तुंग जिले के स्पिजेंड इलाके से गुजर रही थी। ट्रेन में करीब 270 यात्री सवार थे। हमले में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं और एक बोगी पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में 10 घंटे के अंदर ये दूसरा धमाका था। मंगलवार सुबह इससे पहले एक और बम धमाका रेलवे ट्रैक के पास हुआ था। उस समय पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस क्वेटा स्टेशन से निकली थी। धमाके के बाद ट्रेन को कुछ देर रोका गया, लेकिन सुरक्षा बलों ने ट्रैक साफ कर ट्रेन को आगे बढ़ने दिया था। लोकल पुलिस ने पुष्टि की कि दूसरा धमाका ट्रैक पर लगाए गए एक प्म्क (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की वजह से हुआ। पाकिस्तान रेलवे के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पलटी हुई बोगी में पांच यात्री घायल हुए, जबकि बाकी लोग पास की बोगियों के पटरी से उतरने से चोटिल हुए। रेस्क्यू टीमें और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में एडमिट किया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अगर ट्रेन पूरी रफ्तार से चल रही होती, तो यह हादसा और बड़ा हो सकता था। अभी तक किसी विद्रोही संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। जाफर एक्सप्रेस को इस साल मार्च में भी बलूच लड़ाकों ने निशाना बनाया था।



**पटना। विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ।**

### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के आसपास बिजली गुल होने से सुरक्षा को खतरा

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने कहा है कि ज़ापोरीज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास मंगलवार को बिजली गुल हो गई जिससे परमाणु सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान बिजली की यह 10वीं कटौती है। एजेंसी ने कहा कि उसकी टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया में अपनी टीम का हवाला देते हुए कहा कि संयंत्र में बिजली की आपूर्ति के लिए आपातकालीन डीजल जनरेटरों ने काम करना शुरू कर दिया है।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले: भारत उभरती हुई ताकत

**भारत को चीन-रूस जैसा न मानें, पश्चिमी देश दिल्ली से मजबूत रिश्ते बनाएं: अलेक्जेंडर स्टब**

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि भारत उभरती हुई महाशक्ति है। उसे रूस और चीन की तरह नहीं माना जा सकता। स्टब ने हेलसिंकी सिक्योरिटी फोरम 2025 की बैठक में पश्चिमी देशों को दिल्ली के साथ और गहरे संबंध बनाने के लिए कहा।

स्टब ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने में भारत की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। फोरम 2025 में बोलते हुए स्टब ने कहा मैंने पीएम मोदी से यूक्रेन के हालात पर बात की है। भारत का इसमें भू-राजनैतिक हित है, इसलिए हमें उन्हें शांति प्रयासों में शामिल करना होगा। स्टब ने कहा है कि यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत युद्धविराम से होनी चाहिए। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की औपचारिक तारीख तय होनी चाहिए। स्टब ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखना चाहिए और साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ानी होगी। स्टब को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। मार्च में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसार्ट में सात घंटे लंबे गोल्फ राउंड के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हुई थी। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, स्टब उन चुनिंदा यूरोपीय नेताओं में हैं जिनकी राय ट्रम्प पर असर डाल सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे देशों में स्टब की बराबरी का कोई भी नेता नहीं है। उनकी ट्रम्प तक बहुत अच्छी पहुंच है।

## तुर्की के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

### कहा: भारत-पाक सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से छह बार जिक्र कर चुके

**वाशिंगटन।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा कि हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका



**कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए**

है। भारत का कहना है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है।


एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं। एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई, 2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगन ने कहा था कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई, 2025 को शहबाज शरीफ ने एर्दोगन से मुलाकात की थी।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी, टेक्नोलाजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी। एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

## विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियां: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस स्थिति में विकासशील देशों को विशेष रूप से अपने अधिकारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। डा. जयशंकर ने बहुपक्षवाद की अवधारणा को खतरे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएं बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी का परिणाम सबके सामने है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने न्यूयार्क गए डॉ. सिंह ने समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डॉ. सिंह ने मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बड़ी चुनौती है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108